सरल आयुर्वेद
औषधीय चिकित्सा

आयुष प्रभाग
कर्मचारी राज्य बीमा निगम

आयुर्वेद

सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा

आयुष प्रभाग

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

पंचदीप भवन सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110002
वेबसाइट: www.esic.nic.in, www.esic.in, www.esichospitals.gov.in

www.facebook.com/esichq @esichq

प्रतिलिप्यैधिकार : आयुष प्रभाग, क.रा.बी.निगम मुख्यालय, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली।

प्रकाशक : क.रा.बी.निगम मुख्यालय, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली।

अस्वीकरण : **''सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा''** शीर्षक की पुस्तक को आयुर्वेद के शास्त्री य साहित्य, अनुसंधान कार्यों के आधार पर तैयार किया गया है और आम तौर पर उपलब्ध उन पौधों को शामिल करने पर बल दिया गया है, जो दैनंदिनी चिकित्सीय उपचार में इस्तेमाल होते हैं। आयुष प्रभाग ने प्रकाशन से पूर्व सामग्री की यर्थाथता सुनिश्चित करने की ओर विशेष ध्यान दिया है और किसी भी चूक या अनजान त्रुटि के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकेगा और न ही यह गारंटी देता है कि इसमें विषय के सभी पहलुओं को व्याप्त कर लिया गया है। यह पुस्तक आयुर्वेदिक चिकित्सकों और आम जनता के लिए सुलभ है।

किसी भी प्रकार की शुद्धि या सुधार के लिए आपके फीडबैक एवं सुझाव सादर आमंत्रित हैं। इन्हें उप चिकित्सा आयुक्त (आयुष), क.रा.बी.निगम मुख्यालय, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली –110002 पर डाक द्वारा भेज सकते हैं या dmc-ismhq@esic.in पर मेल कर सकते हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110002
www.esic.nic.in, www.esic.in

प्राक्कथन

आयुर्वेद सबसे प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति है। इस प्राचीन जीव विज्ञान (आयुर्वेद) की जागरूकता और आवश्यकता को पूरे देश में देखा जा सकता है और इसके सिद्धांत एवं परंपरा रोगों के निवारण तथा सकारात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर बल देता है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति गैर–संक्रामक रोगों और जीवन–शैली से उत्पन्न रोगों के निवारण एवं उपचार में बहुत प्रभावकारी है। आयुर्वेदिक शास्त्रीय साहित्य में प्राचीन आचार्यों द्वारा शरीर और मन का शुद्धिकरण करने, रोग का उपचार करने तथा रोग के निवारण क्रमशः तीन प्रकार की उपचार पद्धतियों जैसे शोधन (पंचकर्म) चिकित्सा, पद्धति शमन (प्रशामक) चिकित्सा पद्धति और निदान परिवर्जन (रोग के प्रेरक कारकों का परिहार) का वर्णन मिलता है।

क.रा.बी.निगम बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए अपने अस्पतालों और औषधालयों में चिकित्सा की आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए उचित महत्व दे रहा है। वर्ष 2015 में क.रा.बी.निगम में आयुष नीति बनाई गई, जिसमें स्थानीय जनसंख्या द्वारा इसकी वरीयता को देखते हुए क.रा.बी. अस्पतालों और औषधालयों में आयुष सुविधाओं को विस्तार देने का वादा किया गया। वर्तमान में, देश भर में 314 एककों में आयुष सेवा प्रदान की जा रही है और क.रा.बी.निगम अस्पतालों में पंचकर्म उपचार सुविधाओं का विकास आंतरिक रूप से किया जा रहा है।

वर्ष 2016 से, आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने प्रत्येक वर्ष ''भगवान धन्वन्तरि जयंती'' को 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष, इस दिवस का विषय ''जन स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद'' है। यह दिवस क.रा.बी.निगम में भी मनाया गया जिसमें सभी क.रा.बी. अस्पतालों और औषधालयों में चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता कार्यकलाप की।

क.रा.बी.निगम के आयुष प्रभाग ने ''सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा'' शीर्षक से एक पुस्तक संकलित की है। जिसमें स्थानीय नामों, आम–जन की सहायता के लिए औषधीय पौधों के लिए चिकित्सकीय प्रयोग और आयुर्वेद बंधुता का वर्णन किया गया है। मैं आयुष प्रभाग को ऐसी मूल्यवान पुस्तक लाने में उनके प्रयासों के लिए बधाई देता हूँ, जिससे क.रा.बीमा औषधालयों एवं अस्पतालों से आयुष पद्धति की लोकप्रियता बढ़ेगी।

राज कुमार, भा.प्र.से.
महानिदेशक



वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा
पद्मभूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार प्रापक
अध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्वेद कांग्रेस
अध्यक्ष, शासी निकाय
राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

संदेश

मुझे यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि क.रा.बी.निगम का आयुष प्रभाग आम–जन और आयुर्वेद बंधुओं के लाभ हेतु स्पुष्ट और व्यवस्थित तरीके से ''सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा'' नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक का प्रकाशन कर रहा है।

आयुर्वेद, स्वास्थ्य का समय–परीक्षित पारंपरिक तंत्र है जो शारीरिक, मानसिक, संवेदी, आध्यात्मिक, सामाजिक और पर्यावरण कल्याण का प्रयास है तथा निवारक एवं उपचारात्मक चिकित्सा पहलुओं पर कार्य करता है।

बीमारी की रोकथाम के लिए दिनचर्या (दैनंदिन कार्य), ऋतुचर्या (मौसमी कार्य) और सद्वृत्त (सकारात्मक व्यवहार) के सिद्धांत ही मंत्र हैं। जबकि दवाइयां, आहार, क्या करें और क्या न करें बीमारी के उपचार हेतु अनिवार्य हैं।

विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए आयुर्वेद में एक अथवा कई सामग्रियां शामिल की जाती हैं, जो रोगी की स्थिति और आवश्यकता पर आधारित होती हैं। सामान्य चलन में ज्यादातार दवाएं जड़ी–बूटी मूल की प्रयोग की जाती हैं जबकि विशेष परिस्थितियों में किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ के चिकित्सा पर्यवेक्षण के अंतर्गत बहुत सावधानी के साथ खनिज पदार्थों और धातुओं का निर्धारण किया जाता है। यह पुस्तक केवल सामान्य् रोगों के लिए हर्बल उपचार का वर्णन करती है जो बहुत सुरक्षित और प्रभावी है, आमजन के हितों की पूर्ति करती है। इस पुस्तक में मिश्रणों को शामिल किया गया है जो भारतीय रसोई, बागों और स्थानीय बाजार में आसानी से उपलब्ध सरल, एकल तथा चुनिंदा हैं। इससे यह पुस्तक बहुत सराहनीय बन पड़ी है।

पुस्तक में पौधों के सचित्र उपयोगी भागों और स्थानीय भाषा के नाम दिए जाने से यह पुस्तक पौधों को और उनके उपयोगी भागों को चिह्नित करने में अत्यधिक मददगार साबित होगी क्योंकि इसे संस्कृत और जैविक परिवार सहित वैज्ञानिक नाम के अलावा भारत की लगभग सभी भाषाओं में प्रकाशित किया गया है।

द्वितीय राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के शुभ अवसर पर मैं महानिदेशक और आयुष प्रभाग को क.रा.बी. निगम अस्पतालों तथा औषधालयों में आयुष सुविधाओं को बढ़ावा देने एवं प्रचार करने के प्रशंसनीय कार्य और क.रा.बी.निगम में आयुर्वेद, योग तथा अन्य आयुष प्रणालियों को लोकप्रिय बनाने के लिए अभिनव गतिविधियों को अंतर्निविष्ट. करने हेतु बधाई देता हूँ।

वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110002
www.esic.nic.in, www.esic.in

संदेश

भारत में आयुष प्रणालियों के प्रति जागरूकता दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है। पहले, सभी भारतीय चिकित्सा प्रणालियां एक समूह अर्थात् भारतीय चिकित्सा प्रणाली (आईएसएम) के अधीन थीं। ये जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आती थीं बाद में, 2014 में इन सभी भारतीय चिकित्सा प्रणालियों का एक अलग मंत्रालय अर्थात् आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आयुष (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) के रूप में पुनः नामकरण किया गया है।

बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों की मांग की पूर्ति हेतु दिल्ली में दो क.रा.बी.निगम औषधालयों में 1977 में प्रायोगिक आधार पर आयुर्वेद प्रणाली का शुभारंभ किया गया। बाद में इसकी महत्ता और स्वीकृति को देखते हुए, विभिन्न अस्पतालों और औषधालयों में दो अन्य इकाइयां खोली गईं। पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के प्रति रूझान के साथ 2003 में क.रा.बी.निगम में होम्योपैथी और योग प्रणालियां भी शुरू की गईं। वर्तमान में, पूरे भारत में विभिन्न क.रा.बी.निगम और क.रा.बी. योजना अस्पतालों में 165 आयुर्वेद इकाइयों, 87 होम्योापैथी इकाइयों, 32 योग इकाइयों, 27 सिद्ध इकाइयों, 03 यूनानी इकाइयों के साथ कुल 314 इकाइयां कार्य कर रही हैं। इनके अतिरिक्त, क.रा.बी.निगम और क.रा.बी. योजना में वर्तमान में 16 पंचकर्म इकाइयां एवं 4 क्षार सूत्र इकाइयां हैं।

क.रा.बी.निगम मुख्यालय का आयुष प्रभाग प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और प्रत्येक वर्ष धनतेरस के दिन 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' मनाता है। प्रथम 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' के दौरान आयुष प्रभाग ने क.रा.बी.निगम की 'आवश्यक आयुर्वेदिक दवाई सूची' नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस वर्ष भी, आयुष सेवाओं के प्रति जागरूकता और बढ़ावे के रूप में दिनांक 21.06.2018 को मुख्यालय के कर्मचारियों के मध्य योग प्रतियोगिताओं तथा योग अभ्यास के संचालन के साथ तृतीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था।

मुझे मुख्यालय, क.रा.बी.निगम, नई दिल्ली में द्वितीय राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर ''सरल आयुर्वेद औषधीय चिकित्सा'' पुस्तक का विमोचन करते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है।

डॉ. एस.एल. विग
चिकित्सा आयुक्त (आयुष)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग, नई दिल्ली – 110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110002
www.esic.nic.in, www.esic.in

प्रस्तावना

जीवन के पारंपरिक ज्ञान, आयुर्वेद का संचारण, गुरु–शिष्य परंपरा (शिक्षक–शिक्षण प्रणाली) पद्धति के माध्यम से होता है। गुरु का ज्ञान तथा अनुभव उनके बुद्धिमान शिष्यों द्वारा संहिता के रूप में दर्ज किया गया है। आयुर्वेद के शास्त्रीय पाठ चरक संहिता, सुश्रुत संहिता तथा कश्यप संहिता इसके श्रेष्ठ उदाहरण हैं, जो कि हजारों वर्षों के अवलोकन तथा समय–परीक्षित अनुभव का संकलन है।

प्राचीन काल में, आयुर्वेदिक चिकित्सक अपने नियमित अभ्यास के लिए स्वयं कच्ची सामग्री संग्रह करते तथा औषधि तैयार करते थे। चिकित्सक रोगी की शारीरिक प्रकृति के आधार पर रोग विशेष के लिए औषधि की पहचान, चुनाव, संग्रह, संसाधन तथा विरचना के संबंध में अच्छी तरह से जागरूक थे। वर्तमान में, यह अभ्यास औद्योगीकरण, प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण, शहरीकरण तथा कुछ पर्यावरणीय कारकों के कारण से भी अप्रचलित है। अब ज्यादातर चिकित्सक चिकित्सीय अभ्यास के लिए सहजता से उपलब्ध विपणन सामग्री पर निर्भर हैं। तथापि, जड़ी–बूटियां जो कि साधारण तौर पर आयुर्वेद नैदानिक अभ्यास में प्रयोग होती हैं, के अनुस्मरण, पहचान की विशेषताओं, संसाधन तकनीक की आवश्यकता है। अतः यह पुस्तक जिसका शीर्षक ''सरल आयुर्वेद उपचार'' है आसान, स्पष्ट तथा व्यवस्थित ढंग से तैयार की गई है।

इस पुस्तक में उन सौ से अधिक जड़ी–बूटियों का विवरण है, जो आसानी से उपलब्ध हैं तथा जिनका आयुर्वेदिक चिकित्सकों तथा पारंपरिक चिकित्सकों द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी सामान्य रोगों में सामान्यतः प्रयोग किया जाता है। इस पुस्तक में पौधों तथा उनके स्थानीय नाम, वानस्पतिक नाम तथा चिकित्सकीय प्रयोग वर्णित हैं। इस पुस्तक के प्रकाशन हेतु मुझे डॉ. एस. वरलक्ष्मी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, चेन्नै और डॉ. देवेन्द्र सिंह उप चिकित्सा अधीक्षक (आयुष) क.रा.बी निगम अस्पताल औखला दिल्ली का यथापेक्षित सहयोग मिला। इस हिंदी संस्करण के प्रकाशन के लिए श्री श्याम सुंदर कथूरिया, उप निदेशक (राजभाषा), मुख्यालय ने इसमें व्यक्तिगत रुचि ली और आवश्यक योगदान दिया। श्रीमती रूपा चौरसिया, वैयक्तिक सहायक, आयुष प्रभाग, मुख्यालय ने भी इसके प्रूफ पठन में सहयोग किया। इन सब के प्रति मैं हृदय की गहराई से आभार प्रकट करता हूं।

आशा करता हूँ, यह पुस्तक स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों से स्वयं की सुरक्षा तथा उनके उपचार में प्रत्येक के लिए सूचना का उपयोगी स्रोत साबित होंगी। इसके अतिरिक्त, वे बेहतर समझ के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सक से परामर्श ले सकते हैं।

(डॉ जी प्रभाकर राव)
उप चिकित्सा् आयुक्त
सलाहकार प्रभारी (आयुष)

विषयसूची

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
1.	अगस्त्य (गाछ–मूंगा)	1
2.	अतसी (अलसी)	2
3.	अपराजिता	3
4.	अपामार्ग (चिरचिटा)	4
5.	अमृत फलम् (अमरूद)	5
6.	अरिष्टक (रीठा)	6
7.	अर्जुन	7
8.	अशोक	8
9.	अश्वगंधा (असगंध)	9
10.	अश्वत्थ (पीपल)	10
11.	अस्थिसंहारक (हडजोड़)	11
12.	आकारकरभ (अक्कलकरा)	12
13.	आत्मगुप्ता (कौंच)	13
14.	आमलकी (आंवला)	14
15.	आरग्वधा (अमलतास)	15
16.	आवर्तनी (मरोड़ फली)	16
17.	इक्षु (ईख)	17
18.	इन्द्रवारूणी (इन्द्रायन)	18
19.	इंद्रवल्ली (कानफूटी)	19
20.	ईश्वरी	20
21.	एड्गजा (दादमर्दन)	21
22.	एरण्ड (अरण्ड)	22
23.	एरण्डकर्कटी (पपीता)	23
24.	कटुका (कुटकी)	24
25.	कदली (केला)	25
26.	कमल	26
27.	करंज (दिथोरी)	27
28.	कर्पूर (कपूर)	28

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
29.	कांचनार (कचनार)	29
30.	कारवेल्लक (करेला)	30
31.	कालमेघ	31
32.	कुमकुम (केषर)	32
33.	कुटज (कुरची)	33
34.	कुमारी (मुसाभर)	34
35.	कुलुत्थ (कुलथी)	35
36.	कृष्ण मुसली (कालीमूसली)	36
37.	खर्जूर (छुहारा)	37
38.	खसखस (पोस्तादाना)	38
39.	गुडूची (गिलोए)	39
40.	गुंजा (रत्ती)	40
41.	गोक्षुर (गोखुरु)	41
42.	चांगेरी	42
43.	चित्रक (चित्रा)	43
44.	जम्बू (जामुन)	44
45.	जपा (गुड़हल)	45
46.	जलपिप्पली (पनिसिगा)	46
47.	जातिफल (जायफल)	47
48.	जीरक (जीरा)	48
49.	तक्कोलम (चक्रफूल)	49
50.	तिल	50
51.	तुलसी	51
52.	त्वक (दालचीनी)	52
53.	त्वकपत्र (तेजपत्ता)	53
54.	दाड़िम (अनार)	54
55.	दूर्वा (दूब)	55
56.	द्रोणपुष्पी (गूमा)	56

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
57.	धान्यक (धनिया)	57
58.	नागकेसर	58
59.	नागवल्ली (पान)	59
60.	नारिकेल (नारियल)	60
61.	निंब (नीम)	61
62.	निर्गुण्डी	62
63.	पर्णबीज (पथर छट)	63
64.	पर्णयवानी (पत्ता अज्वैन)	64
65.	पलांडु (प्याज)	65
66.	पलाष (टेसू)	66
67.	पारिष (कपीतना)	67
68.	पिप्पली (पीपड़)	68
69.	पुनर्नवा (गदपूर्णा)	69
70.	बिभीतक (बहेड़ा)	70
71.	बिम्बी (कुन्दरू)	71
72.	बिल्व (बेल)	72
73.	बृहत् दुग्धिका (दूधी)	73
74.	ब्राह्मी	74
75.	भूम्यामलकी	75
76.	भृंगराज (भंगारा)	76
77.	मदयंती (मेहंदी)	77
78.	मन्जिष्ठा (मंजिठा)	78
79.	मरिच (काली मिर्च)	79
80.	माष	80
81.	मिश्रेय (सौंफ)	81
82.	मुंडी	82
83.	मुस्ता (मोथा)	83
84.	मूलक (मूली)	84

क्र सं.	पौधों के नाम	पृष्ठ सं.
85.	मेथी	85
86.	मेषशृंगी (गुड़मार)	86
87.	यवानी (अजवायन)	87
88.	यष्टिमधु (मुलेठी)	88
89.	राजौदुम्बर (अंजीर)	89
90.	रास्ना (कुलांजन)	90
91.	लज्जालु (छुईमुई)	91
92.	लवंग (लौंग)	92
93.	लशुन (लहसुन)	93
94.	वचा (घोडबच)	94
95.	वाताम (बादाम)	95
96.	वासा (अडूसा)	96
97.	शतावरी (सतावर)	97
98.	शिग्रु (सहजन)	98
99.	शुण्ठी (सोंठ)	99
100.	श्वेत (सफेद) चंदन	100
101.	सत्यानाशी	101
102.	सदापुष्प (सदाबहार)	102
103.	सप्तला (षिकाकाय)	103
104.	सर्षप (सरसों)	104
105.	सारिवा	105
106.	सीताफल (लावली)	106
107.	सौरभनिम्ब (मीठा नीम)	107
108.	सूक्ष्मैला(छोटी इलायची)	108
109.	हरित मंजरी (कुप्पी)	109
110.	हरिद्रा (हल्दी)	110
111.	हरीतकी (हरड़)	111
112.	हींग	112

1- vxLR; ¼xkN&exk½

Sesbania grandiflora,
Fabaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– West Indian Pea, White Dragon Tree, August flower, Flamingo Bill
हिंदी	– अगस्त, अगस्ति, चोगछे, गाछ–मूंगा, अगथीय, सदाबसना
कन्नड़	– अगासे, अगाछे, केम्पागासे, चोगाछे, अगासी, चोगछी
तमिल	– अगति
मलयालम	– अकट्टी, आगट्टी, अट्टी, अर्गट्टी, अति, अगट्टी
तेलुगु	– अविसा, अविशि
ओड़िया	– अगस्ति
गुजराती	– अगथियो, अयाथियो, अगत–थी–नार
बंगाली	– बाक, बाग्फाल, बसनाफूल, वाक, आगाशी, बसना, वसना

औषधीय प्रयोग

1. —fe xlu – 10–20 मि०ली० पत्तियों का रस 2 सप्ताह तक प्रातः खाली पेट लेने से आँत के कीड़े निकल जाते हैं।
2. fljnn – पत्तियों के रस की 2–3 बूँदें नाक में डालने से साइनस तथा सिरदर्द ठीक होता है।
3. Toj – ज्वर के लिए पत्तियों का लेप पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है।
4. jrkS/kh – रतौंधी के लिए घी में बनाए गए 3 ग्राम फूलों के लेप की सलाह दी जाती है।
5. mnj'ky – 5 ग्राम छाल के चूर्ण को 100 मि०ली० पानी में तब तक उबालें जब तक यह 25 मि०ली० ना रह जाए। इस काढ़े को हींग तथा नमक के साथ पीने से पेटदर्द में राहत मिलती है।
6. lf/k 'kkFk – जड़ तथा छाल का लेप लगाने पर संधि शोथ तथा गठिया से संबंधित दर्द तथा सूजन में आराम मिलता है।

2- vrlh ¼vylh½

Linum usitatissimum, Linaceae

औषधीय प्रयोग

1. e= tyu – 5 ग्राम अलसी के बीजों को पूरी रात गर्म पानी में भिगोकर रखें। अगले दिन सुबह जब यह पूरे पानी को सोख लें तो इसे सही से छान लें। रोजाना भोजन से पूर्व इसका सेवन करें। मूत्र की जलन से संबंधित रोगों के उपचार के लिए यह बहुत उपयोगी है।

2. olk vlrryu – प्रातः 2–3 मि०ली०. अलसी के तेल को एक कप गर्म पानी में मिलाकर खाली पेट लें। यह कोलेस्ट्रोल तथा मोटापा कम करने में सहायक सिद्ध होता है।

3. LrU; lo.k – अलसी, जीरा तथा मेथी के दानों की समान मात्रा में लेकर उनका महीन चूर्ण बना लें। इस मिश्रण की 5 ग्राम मात्रा रोजाना दिन में दो बार दूध के साथ लें। इससे दुग्धस्रवण में बढ़ोत्तरी होती है।

स्थानीय नाम

असमिया	– तिसी, तुसी
बंगाली	– मसिना अटासी
अंग्रेजी	– Linseed
गुजराती	– अलसी, अरासि
हिंदी	– अलसी
कन्नड़	– अगसबीज, सेमीगरे, अगासी
कश्मीरी	– अल्सी
मलयालम	– अगस्था, अगासी, चेरु चरम
मराठी	– अटशि
उड़िया	– अतुशि
पंजाबी	– अलि
तमिल	– अलि, विराई
तेलुगु	– अविसा
उर्दू	– अल्सी, खटन

4. rr;k dk dkVu ij – ताजा पकी हुई अलसी के पत्तों को मसलकर उसका रस निकाल लें। आपातकालीन परिस्थितियों में इसे प्राथमिक चिकित्सा उपचार हेतु काटे हुए/डंक मारे हुए भाग पर लगा लें। इससे जलन तथा दर्द में तुरंत आराम मिलता है।

5. xy dk nn – 2–3 ताजा फूलों का महीन/बारीक लेप बनाकर उसे गले के चारों ओर लगा लें। इससे गले का दर्द दूर होता है।

6. xfB;k – एक मुट्ठी अलसी के बीजों को सारी रात छाछ में भिगोकर रखें। अगले दिन सुबह इसका बारीक पेस्ट बना लें और इस लेप को जोड़ो पर लगा लें। इससे एक–दो सप्ताह में जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है।

3- vijkftrk

Clitoria ternatea,
Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	अपराजिता
बंगाली	–	अपराजिता
अंग्रेजी	–	Clitoria
गुजराती	–	गोकर्णी
हिंदी	–	अपराजिता
कन्नड़	–	गिरिकर्णिका बल्ली, गिरिकर्णिका
मलयालम	–	शंखपुष्पम
मराठी	–	गोकर्ण, अपराजिता
ओड़िया	–	अपराजिता
पंजाबी	–	कोयल
तमिल	–	कक्कानम
तेलुगु	–	दिन्तेना

औषधीय प्रयोग

1. Y;dkMek – पत्तियों को पानी के साथ गाढ़ा पीस कर सफ़ेद दाग वाले हिस्सों पर लेपन कर धूप सेंकते हैं। काले रंजकों की संख्या बढ़ाने के लिए इसका प्रयोग कम से कम एक महीने तक किया जाना चाहिए।
2. Qkbyfj;k dh ltu – फाइलेरियेसिस की सूजन कम करने के लिए 5 ग्राम जड़ के मिश्रण का प्रतिदिन दो बार सेवन किया जाता है।
3. Lefr lo/kd – स्मृति तथा बुद्धि बढ़ाने के लिए इसकी ताज़ी जड़ का मिश्रण घी के साथ 1–3 ग्राम की मात्रा में दिया जाता है। यह औषधि गलगंड में भी काफी उपयोगी सिद्ध हुई है।
4. vfr lko – गर्भाशय के रक्त संबंधी विकारों में इसके फूलों के चूर्ण की 1 ग्राम मात्रा दिन में तीन बार शहद के साथ दी जाती है।
5. u= fodkj – फूलों को गाय के दूध में कूट कर बंद आँखों के ऊपर लेप किया जाता है। यह आँख आने की स्थिति को कम करता है।
6. nk;r nn – दाँत दर्द दूर करने के लिए इसकी जड़ को काली मिर्च के साथ मुंह में रखा जाता है।
7. ?kko – एंटी फंगल तथा एंटी बैक्टीरियल गुणों के कारण घाव पर इसकी बारीक पत्तियों का लेप संक्रमण कम करता है तथा घाव जल्दी भरता है।

4- vikekxl ¼fpjfpVk½

Achyranthes aspera, Amaranthaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– आपांग
अंग्रेजी	– Prickly Chaff Flower
गुजराती	– अघेडो
हिंदी	– चिरचिटा, लटजीरा
कन्नड़	– उत्तरानी
मलयालम	– कतालटी
मराठी	– अघाड़ा
पंजाबी	– पुथकंडा
तमिल	– नयुरुवी
तेलुगु	– उत्तरेनु
उर्दू	– चिर्चिता

औषधीय प्रयोग

1. jä d /kCc – लाल रंग की अपामार्ग पत्तियों को प्रभावित भाग, शरीर के धब्बों वाले(जलन) भाग पर लगाएं। इससे 2–3 दिन में राहत मिलती है।

2. çeg – 3 ग्राम अपामार्ग तथा मेथी के बीजों को एक कप गर्म पानी के साथ सुबह खाली पेट लें। यह मधुमेह तथा मोटोपे के लिए कारगर औषधि है। इससे अत्यधिक भूख तथा प्यास में भी कमी आती है।

3. vfu;fer ekgokjh – पूरे पौधे के 10 ग्राम मोटे चूर्ण को 200 मि०ली०. पानी में 50 मि०ली०. रहने तक उबालें। माहवारी की निर्धारित तिथि से 1–2 दिन पहले लेना शुरु करें जब तक कि माहवारी बंद नहीं हो जाती। इससे दर्द तथा अनियमित माहवारी में आराम मिलता है।

4. iFkjh – अपामार्ग की 6–8 टहनियाँ सारी रात छाछ (100–200 मि०ली०.) में भिगोकर रखें। अगले दिन इन्हें सही से निचोड़कर छान लें तथा इसका सेवन करें। इससे मासिक चक्र, मूत्र पथरी संबंधी विकारों में आराम मिलता है।

5. jä lko – 5–10 मि०ली०. पत्तियों के रस को हल्दी के चूर्ण के साथ बारीक पीसकर लेप बना लें। इस लेप को रक्त स्रावित घाव पर लगाएं जिससे तुरंत रक्त का बहना बंद हो जाता है।

5- ver Qye ¼ve:n½

Psidium guajava, Myrtaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	गोआछी, पेयरा
गुजराती	–	जमरूद, जमरुख, पेरु
अंग्रेजी	–	Common Guava
हिंदी	–	अमरूद
कन्नड़	–	गुवा, जमफल, पेरला, सीबी, सेबेहाब्बू
मलयालम	–	पेरा, कोय्या
मराठी	–	जम्बा, तुपकेल
उड़िया	–	बोडोजमो, जामो, जुलाबोजामों, पिजुली
तमिल	–	कोय्या, सेगप्पूगोय्या, सेंगोय्या, वेल्लईकोय्या
तेलुगु	–	जामा

औषधीय प्रयोग

1. vfrlkj ¼nLr½ – अतिसार (दस्त) में अमरूद के पत्तों का क्वाथ (एक मुट्ठी पत्तों को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० क्वाथ रहने तक उबालें) बनाकर दिन में 2 बार दिया जा सकता है।
2. nkr 'ky – पत्तों को चबाते हुए इसके पेस्ट को कुछ समय तक दांत के नीचे रख सकते हैं। अमरूद के पत्तों में संक्रमणरोधी गुण होने के कारण यह मुख की समस्याओं की रोकथाम और उपचार में कारगर है।
3. oeu ¼mYVh½ – हैजा, वमन (उल्टी) आदि में छाल या जड़ का 5 ग्राम चूर्ण शहद में मिलाकर दिया जा सकता है।
4. eg d Nky – पत्तों का क्वाथ (काढ़ा) बच्चों में गुदा भ्रंश के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, और जीर्ण अल्सर और छालेयुक्त अल्सर के लिए इस क्वाथ के गरारे कर सकते हैं।
5. dk"Bc)rk ¼dCt½ – अमरूद का फल पौष्टिक होने के साथ–साथ एक अच्छा रेचक भी है। यह फल मधुमेह रोगी के लिए उपयोगी है।
6. 'osr çnj – पत्तों का क्वाथ (काढ़ा) योनि और गर्भाशय धोवन के लिए किया जाता है, विशेषकर श्वेत प्रदर में।

6- vfj"Vd ¼jhBk½

Sapindus mukorossi, Sapindaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– अराइथा
अंग्रेजी	– Indian soapnut
हिंदी	– रिष्ट, रिष्टक
मराठी	– फेनिल, रिंथी, रीठा
तमिल	– पुनालाय, पुंथी, पवंती
मलयालम	– कैभाकाय, पासककोत्तामारम, उरुवांक्षी
तेलुगु	– कुंकुडुसाटू, फेनिलाम
कन्नगड़	– अमटालाकाई, नोरेकेआई, टोगाटे मारा
बंगाली	– रीठा
उर्दू	– फेनिल

औषधीय प्रयोग

1. ekgokjh ihMk – अरिष्टक के बीज छोटे–छोटे सफेद या हल्के पीले रंग के होते हैं। पेट दर्द और माहवारी पीड़ा में 2 चम्मच तिल का तेल 5 बीजों की पेस्ट के साथ लिया जा सकता है।
2. [kk| fo"kkärk – 5 बीजों को पीसकर 1 लीटर पानी में भिंगो दें। खाद्य विषाक्तता से ग्रस्त (आंतरिक रूप से) व्यक्तियों को यह पानी पीने को दिया जाए। इससे उल्टी आने लगती है, जिससे विषाक्त प्रभाव कम हो जाता है।
3. mnj Qyko – 500–600 मि.ग्रा. अरिष्टक बीज तत्व को गुड़ के साथ मिलाकर दिन में दो बार ग्रहण किया जा सकता है।
4. ?kko – 200 मि.ली. पानी में 20 ग्राम ताज़ा छाल को तब तक उबालें जब तक वह एक चौथाई न रह जाए। इस काढ़े से घावों को धोया जा सकता है। गैंग्रीन को धोने में भी इसी काढ़े का उपयोग किया जाता है। इससे मृत त्वचा हट जाती है, जिससे उपचार प्रक्रिया तेज़ हो जाती है।
5. [kkt ¼,fDtek½ – 100 मि.ली. तिल के तेल में 50 ग्राम अरिष्टक के ताज़ा पत्तों को तब तक उबालें जब तक कि उनकी नमी वाष्प बनकर उड़ नहीं जाती। इस तेल को एक्जिमा के घावों पर लगाया जा सकता है।
6. nkn ¼gihZt½ – 200 मि.ली. घी में 100 मि.ली. ताजे अरिष्टक के रस को तब तक पकाएं जब तक उसमें से पानी पूर्णतः वाष्पीकृत न हो जाए। इस घी को दाद ग्रस्त त्वचा और लम्बे समय से हो रही खुजली के स्थान पर लगाया जा सकता है।

7- v tqZu

Terminalia arjuna, Combretaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– अर्जुन
बंगाली	– अर्जुन
अंग्रेजी	– Arjun tree, Arjunolismyrobalan
गुजराती	– सदद, अर्जुन, सजदा
हिंदी	– अर्जुन
कन्नड़	– मट्टी, बिलिमट्टी, नीरमट्टी, मतिचक्के, कुदारे किविमसे
मलयालम	– निरमासुथु, वेल्लामरुथी, केल्लेमासुथु, मट्टीमोरा, तोरेमट्टी
मराठी	– अर्जुन, सददा
उड़िया	– अर्जुन
पंजाबी	– अर्जोन
तमिल	– मरुदम
तेलुगु	– मड्डी
उर्दू	– अर्जुन

औषधीय प्रयोग

1. ân; j lk;u ¼V,fud½ – 5 ग्राम अर्जुन की छाल को 100 मि०ली० दूध में 50 ग्राम रहने तक उबालें। रोज सोने से पहले इस दूध का सेवन करने से सभी हृदय संबंधी परेशानियों का निवारण हो जाता है।

2. vfLFk Hkaxjrk – 10 ग्राम अर्जुन की छाल के चूर्ण को 200 मि०ली० पानी में एक चौथाई रहने तक उबालकर इसे छान लें। इस काढ़े को एक चम्मच गुड़ और एक चम्मच शहद के साथ लें। यह अस्थि भंगुरता तथा वृद्धावस्था के दौरान आने वाली थकान के उपचार के लिए बहुत उपयोगी है।

3. ckyksa dk >Muk – अर्जुन की पकी हुई पत्तियों को 2–3 घंटों के लिए पानी में भिगो दें तथा हाथों से अच्छी तरह से निचोड़ लें। इससे श्लेष्मिक लसलसापन पैदा होगा। बालों को धोने में इसका प्रयोग किया जाता है। इसे सही प्रकार से सिर पर लगाएं और आधे घंटे के बाद धो लें। इससे बालों में चमक के साथ गुणवत्ता भी आती है।

4. ?kko – घावों के ऊपर अर्जुन के चूर्ण का छिड़काव करें। इससे घाव जल्दी से भर जाता है।

5. ifj/kh; rf=dk 'kkFk – अर्जुन, असना, बिल्व की छाल के बारीक मिश्रण की बराबर मात्रा लेकर उन्हें सही तरह से मिला लें। 3 ग्राम चूर्ण को एक कप पानी के साथ खाली पेट लेने से परिधीय तंत्रिका शोथ संबंधी विकार दूर हो जाता है।

8- v'kksd

Saraca indica, Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– अशोक
बंगाली	– अशोक
अंग्रेजी	– Ashok Tree
गुजराती	– अशोक
हिंदी	– अशोक
कन्नड़	– अशोकदामारा, अशोकमरा, कांकलीमरा
कश्मीरी	– अशोक
मलयालम	– अशोकम्
मराठी	– अशोक
उड़िया	– अशोक
पंजाबी	– अशोक
तमिल	– अशोगम, अशोगु, अशोकम
तेलुगु	– अशोकपट्टा

औषधीय प्रयोग

1. vfrjr lko & 10 ग्राम अशोक की छाल को 200 मि.ली. पानी में एक चौथाई होने तक उबालें। इस काढें को छानकर रोजाना दिन में दो बार नियमित रुप से सेवन करें। आवश्यकतानुसार इसमें एक चम्मच शहद या गुड़ मिला लें। इससे अत्यधिक ऋतुस्राव (माहवारी के दौरान अतिस्राव) में लाभ मिलता है।

2. vfu;fer ekgokjh – अशोक, यष्टिमधु (इंडियन लिकोराइस), लज्जालु (लाजवन्ती) का चूर्ण बराबर मात्रा में लें। इस पूरे मिश्रण को 200 मि.ली. पानी में एक चौथाई रहने तक उबालें। इस काढ़े को छानकर नियमित रुप से दिन में दो बार माहवारी के 3–5 दिन पूर्व तथा 10 दिनों बाद तक सेवन करें।

3. ?kko – अशोक की छाल का काढ़ा तैयार कर इससे न भरने वाले घाव/छालों को धोएं।

4. eqg d Nky – एक मुठ्ठी अशोक के पुष्प तथा आधी मुठ्ठी नारियल का गूदा लें तथा मिक्सर में अच्छी तरह से इसका चूर्ण बना लें। इसमें स्वादानुसार नमक, काली मिर्च करी पत्ते तथा धनिए की पत्तियाँ मिला लें। यह विधि गैस, मुँह के छाले संबंधी रोगों में लाभकारी है।

5. çnj – अशोक की छाल, आमल्की फल तथा नागकेसर पुंकेसर (Mesua ferrea) के चूर्ण को अच्छी तरह से मिला लें। 1–2 ग्राम चूर्ण का एक कप साफ धुले हुए चावल या मीठी छाछ में मिश्रण बना लें और इसका नियमित रुप से दिन में दो बार सेवन करें। इससे प्रदर में प्रभावकारी लाभ होता है।

9- v’ox/kk ¼vlx/k½

Withania somnifera, Solanaceae

औषधीय प्रयोग

1. **iu;kSou** – 5 ग्राम अश्वगंधा के मोटे चूर्ण को 200 मि०ली०. दूध में 100 मि.ली. रहने तक पकाएँ। इसे छानें तथा गुनगुने रहने पर इसका सेवन करें। इससे शरीर में ताकत के साथ पुनर्यौवन आता है।

2. **o`)koLFkk dh Fkdku** – अश्वगंधा, कपिकच्चु (म्यूक्यूना प्रुरिएंस) तथा काले तिल का अच्छी तरह से मिश्रण बना लें। 5 ग्राम मिश्रित चूर्ण को गर्म दूध के साथ लें। इससे थकान, वृद्धावस्था संबंधी परेशानियाँ जैसे गठिया आदि दूर होती है।

3. **vutZrk 'ysf"ed 'kksFk ¼,yth½** – हल्दी, अदरक तथा अश्वगंधा के चूर्ण की बराबर मात्रा लेकर उन्हें सही से मिला लें। 5 ग्राम चूर्ण को दिन में दो बार भोजन से पहले दूध के साथ लें। इससे अनुर्जता श्लेष्मिक शोथ में कमी आती है।

4. **'kqØk.kq vYirk** – 5 ग्राम अश्वगंधा की जड़ के चूर्ण को नियमित रुप से शहद तथा घी के मिश्रण के साथ दिन में दो बार लेने से विशेष रुप से शुक्राणु अल्पता तथा शुक्राणु संबंधी विकार दूर हो जाते हैं।

5. **vfuæk** – एक कप दूध में 5 ग्राम अश्वगंधा की जड़ के चूर्ण का मिश्रण बनाकर उसे नियमित रुप से सोने से पहले लें।

स्थानीय नाम

असमिया	– अश्वगंधा
बंगाली	– अश्वगंधा
अंग्रेजी	– Indian ginseng, Winter Cherry
गुजराती	– असगंधा
हिंदी	– अश्वगंधा
कन्नड़	– अंगरबेरु, हिरेमद्दिना–गिड़ा
कश्मीरी	– असगंधा
मलयालम	– अमुक्कुरम
मराठी	– असगंधा, अस्कगंधा
उड़िया	– अश्वगंधा
पंजाबी	– असगंध
तमिल	– अमुक्करमकिझंगु
तैलुगू	– पेन्नेरुगड्डा
उर्दू	– असगंध

10- v’oRFk ¼ihiy½

Ficus religiosa,
Moraceae

औषधीय प्रयोग

1. ?kko – 400 मि.ली. पानी में 50 ग्राम पीपल के तने के छाल को 100 मि.ली. होने तक पकाया जाता है। इस गुनगुने मिश्रण से घाव को साफ किया जाता है। यह संक्रमित तथा गैर संक्रमित घावों के तुरंत उपचार में उपयोगी होता है। जड़ के छाल के बारीक पाउडर के इस्तेमाल से त्वचा संबंधी घावों से होने वाले स्राव को रोका जा सकता है।

2. eg d Nky – 5–6 कोमल टहनी के पेस्ट को मुंह में रखकर 5–10 मिनट चबाने से स्टोमेटिटीस से राहत/निजात मिलती है।

3. ,fDtek – सुबह–सुबह ताजा लेटेक्स इकट्ठा किया जाता है और त्वचा के घावों पर लगाया जाता है। इससे अत्यधिक रंजकता एवं चेहरे के धब्बों से राहत मिलती है।

स्थानीय नाम

असमिया	– अहंत
बंगाली	– अश्वत्था, असूद्ध, अश्वत्था
अंग्रेजी	– Pipal tree
गुजराती	– पीपलो, जरी, पिपारो, पिपालो
हिंदी	– पीपाला, पीपल
कन्नीड़	– अर्लो, रंजी, बासरी, अश्वत्थानारा अश्वत्था, अरालिमारा, अरालिगीड़ा, अश्वत्थामारा, बसारी अश्वत्था
कश्मीरी	– बाड
मलयालम	– अरायल
मराठी	– पीपल, पिम्पल, पिपाल
उडिया	– अश्वत्था
पंजाबी	– पीपल, पिप्पल
तमिल	– अश्वारथान, अरासमारम, अरासन, अरासू, अरारा
तेलुगु	– रविचेट्ठु

4. Y;dkfj;k – 100 मि.ली. दूध में 2 मि.ली. ताजे लेटेक्स (पौधे का दूध) मिश्रित कर सवेरे खाली पेट सेवन किया जाता है। इससे लम्बे समय से जारी ल्यूकोरिया में 120–130 दिनों के उपचार से स्थिरता आ जाती है।

5. iV nn ¼mnj 'ky½ – अश्वत्थ की जड़ से बने 10 ग्राम काढ़ा (10 ग्राम छाल के पाउडर को 200 ग्राम पानी में तब तक उबाला जाए जब तक कि वह 50 मि.ली. न हो जाए) नमक और गुड़ के साथ मिश्रित कर प्रतिदिन दिन में दो बार सेवन करने से गंभीर पेट दर्द से निजात मिलती है।

11- vfLFk lgkj d ¼gM tkM½

Cissus quadrangularis, Vitaceae

स्थानीय नाम

असमिया – हरजरा
बंगाली – हड़जोरा
अंग्रेजी – Eldt grape, devil's backbone, adamant creeper
गुजराती – हडसंकाला
हिंदी – हडजोड़
कन्नड़ – मंगराबल्ली
मलयालम – चांगलमपारंडे
मराठी – कंडवेल
उड़िया – हड्भंगा
पंजाबी – हड्डजोड़
तमिल – पेरंदै
तेलुगु – नल्लेरु
उर्दू – हथजोड़

औषधीय प्रयोग

1. vfLFk Hkx – पौधे के तने को अस्थि भंग वाले भाग पर पट्टी बांधने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस पौधे के सत्त (रस) और तिल के तेल (1 भाग पौधे का रस और 4 भाग तिल का तेल) से तैयार तेल को अस्थिभंग वाले स्थान पर लगाया जाता है। शुष्क जड़ का चूर्ण 1–3 ग्राम की मात्रा में दिन में 2 बार दिया जा सकता है और इसे गरम पानी के साथ मिलाकर भी अस्थि भंग वाले स्थान पर लगाया जा सकता है।
2. vfu;fer ekfl d /kel – अनियमित मासिक धर्म में तने और पत्तियों के 15–20 मि०ली० सत्त (रस) को शहद के साथ मिलाकर दिन में 2 बार, 3 महीने तक लिया जा सकता है।
3. d.kl 'ky ¼dku dk nn½ – तने को हल्का गरम कर के उसका अर्क निकालें और इयर ड्रॉप के तौर पर उपयोग करें। इस अर्क की 2–3 बूंदें कान में डालने से कर्ण शूल मिटता है।
4. gìh dk VVuk –शुष्क जड़ का चूर्ण 1–3 ग्राम की मात्रा में दिन में 2 बार दिया जा सकता है और इसे गरम पानी के साथ मिलाकर भी टूटी हुई हड्डी वाले स्थान पर लगाया जा सकता है।
5. vip ¼cng tehl½ – पत्तियां, सौंठ और काली मिर्च को एक समान मात्रा में लेकर महीन चूर्ण बनाकर अच्छी तरह से मिलाया जाता है। इस मिश्रण को 5 ग्राम की मात्रा में भोजन से पूर्व गरम पानी के साथ दिन में 2 बार लिया जा सकता है।
6. tkMk dk nnl – हडजोड़ के तने को घी में तला जाता है और अस्थि भंग और गठिया के पुराने रोगों के उपचार में 10–15 ग्राम की मात्रा में दूध के साथ दिया जाता है।

12- vkdkjdjHk ¼vDdydjk½

अनासिक्लस पैरेत्रम, अस्टेरसिया

स्थानीय नाम

बंगाली	– अकरकरा
अंग्रेजी	– पेल्लीटोरी
गुजराती	– अक्कलकरो, अक्कलगरो
हिंदी	– अक्कलकरा
कन्नड़	– अक्कलकरा, अकल्लकरा, अकलकरभा, अकल्लक होम्मुगुलु
मलयालम	– अकिकरुका, अक्रवु
मराठी	– अक्कलकरा, अक्कलकड़ा
ओडिया	– अकरकरा
पंजाबी	– अकरकरब, अकरकरा
तमिल	– अक्करका, अक्करकारम
तेलुगु	– अक्कलकरा
उर्दू	– अक्वाराक्वार्हा

औषधीय प्रयोग

1. uiqald rk – अक्कलकरा, अश्वगंधा, कपिकच्चु के चूर्ण को अच्छी तरह मिलाकर सोने से पहले 5 ग्राम दूध के साथ लेना फायदेमंद है क्यांकि यह कामोत्तेजक, कामेच्छा, उत्तेजक और शुक्राणु संबंधी क्रिया में बढ़ावा देता है।
2. fu;fer ekfld /ke – 50 मि.ली. अक्कलकरा के काढ़े (10 ग्राम मोरी चूर्ण को 200 मि०ली० पानी में उबाल कर 50 मि०ली० होने तक) को दिन में दो बार लेने से नियमित रूप से मासिक धर्म होता है।
3. ydok – 500 ग्राम अक्कलकरा की जड़ के चूर्ण को मच्चु के साथ मिलाकर दिन में दो बार चाटने से लकवागस्त रोगी को फायदा होता है।
4. ân; jkx – बराबर मात्रा में अर्जुन की छाल एवं अक्कलकरा के चूर्ण मिश्रित करें। दिन में दो बार 3–3 ग्राम खुराक लेने से हृदय मजबुत होता है एवं हृदयघात से बचाता है।
5. 'okl e cnc – बराबर मात्रा में अक्कलकरा, भुनी हुई फिटकरी, काली मिर्च तथा नमक, मिलाकर, इसे महीन चूर्ण बनाकर, दंत पाउडर के रूप में उपयोग करें। यह मुंह से दुर्गंध को रोकने और सभी प्रकार के दांत और मसूड़ों की समस्याओं को ठीक करता है।
6. fljnn – अक्कलकरा की जड़ का पेस्ट बनाकर सिर पर लगाने से सिरदर्द ठीक हो जाता है।
7. fgpdh – 1 ग्राम अक्कलकरा के चूर्ण को मधु के साथ दिन में दो बार लें।

13- vkRexqIrk ¼dkip½

Mucuna prurita, Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया – बनर ककुआ
अंग्रेजी – Cowhage
गुजराती – कवच, कौचा
हिंदी – केवंच, कौंच
कन्नड़ – नसुगुन्ने, नसुगुन्नी
मलयालम – नैकुरुना
मराठी – खजकुहिली, कवच
उड़िया – बैखुजनी
पंजाबी – ततगजुली, कवच
तमिल – पूनैक्कली
तेलुगु – डूलागोन्डी, डूराडागोन्डी
उर्दू – कंवच, कौंच

औषधीय प्रयोग

1. dkekíhid – रात को 3 माह तक रात में बिस्तर पर जाने से पहले 100 मि०ली० गन्ने के रस के साथ 5 ग्राम बीजों का चूर्ण लेना एक बहुत ही शक्तिशाली कामोत्तेजक होता है।
2. ;kSu jksx – प्रतिदिन दो बार 100 मि०ली० गाय के दूध में 3 ग्राम बीज का चूर्ण यौन रोग का इलाज करने में लाभदायक होता हैं।
3. fl;kfVdk – 200 मि०ली० पानी में 5 ग्राम जड़ का चूर्ण को 50 मि०ली० होने तक उबालें। सियाटिका में एक माह तक प्रतिदिन दो बार यह छना हुआ काढ़ा लें।
4. e= e tyu – कपीकचू, शतावरी और गोक्षूरा चूर्ण को बराबर मात्रा में लें। 200 मि०ली० पानी में 10 ग्राम मिश्रण को 50 मि०ली० होने तक उबालें। गुर्दों की समस्याओं के लिए यह काढ़ा प्रतिदिन दिन में दो बार पीयें।
5. dEiokr ¼ikfdZUlu dh chekjh½ – धीमी आँच पर 5 ग्राम कपीकचू चूर्णम को 5–10 मिनट के लिए दूध में पकाएं। इस में चीनी तथा एक चम्मच घी मिलाकर एक दिन में दो बार लेने से पार्किन्सन की बीमारी तथा पुरुष बांझपन के इलाज के लिए प्रयोग होता है। इस पौधे में प्राकृतिक डोपामाइन होता है। यह उच्चतम प्रबल कामोद्दीपक भी होता है। यह यौन इच्छा को बढाने, कामेच्छा में कमी, शुक्राणुओं की संख्या तथा वीर्य की गुणवत्ता को बढाने में मदद करता है।
6. e=k'k; lktu – जड़ों के मिश्रण को नियमित रूप से प्रभावित भाग पर लगाने से सूजन को कम करता है।

14- vkeyh ¼vkoyk½

Emblica officinalis, Euphorbiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– आमलाकु, आमलाखी, आमलाखु
बंगाली	– आमला, धातरी
अंग्रेजी	– Emblic, Myrobalan
गुजराती	– अम्बाला, आंवला
हिंदी	– आंवला, ऑनला
कन्नड़	– निलीकाई
कशमीरी	– एमबाली, आमली
मलयालम	– निलीक्का
मराठी	– अनवाला, अवालकठी
उडिया	– अनॉला, आईनला
पंजाबी	– आइला, आंवला
तमिल	– नेल्लीक्काई, नेल्ली
तेलुगु	– उसीरिका
उर्दू	– आंवला, अमलाज

औषधीय प्रयोग

1. çeg ¼e/keg½ – 25 मि.ली. आँवला के रस में 3 ग्राम हल्दी पाउडर मिलाकर दिन में दो बार भोजन के पूर्व लेने से प्रमेह, मूत्र विकार जैसे रोगों में गुणकारी है।
2. iu;kou – पुनर्यौवन के लिए प्रतिदिन ऑवला सेवन करने की अनुशंसा की जाती है। इससे ओज बना रहता है, दीर्घ जीवन, यौवन तथा रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि होती है।
3. vk[kksa dh chekfj;ksa – 3 ग्राम त्रिफला चूर्ण (आमलकी, हरीतकी) (टर्मिनालिया चिबुला) तथा विभीतकी (टर्मिनालिया बेलीरिका) को शहद और घी के साथ खाली पेट सुबह खाना चाहिए। यह नेत्र रोगों में लाभदायक होता है। प्रतिदिन सुबह आंवला शीतकषाय (10 ग्राम आंवला पाउडर, 100 मि.ली. गर्म पानी में रात भर रखना कोल्ड इन्फ्यूजन कहलाता है) से आँखें धोने से आँखों की ज्योति में वृद्धि होती है।
4. enfojpd – 10–15 ग्राम त्रिफला चूर्ण (आमलकी, हरीतकी) (टर्मिनालिया चीबुला) तथा विभीतकी (अर्मिनालिया बेलेरिका) को रात्रि के समय खाने के बाद गर्म पानी के साथ सेवन करें।
5. lQn cky ¼**Grey Hair**½ – 50 ग्राम मेंहदी की पत्तियाँ, 50 ग्राम आँवला और गुड़हर के 10 फूलों का पेस्ट बना कर सिर के बाहरी हिस्से एवं बालों पर सिर से स्नान करने के 1 घंटे पहले लगाएं। सप्ताह में एक या दो बार ऐसा किया जाना असामयिक सफेद बालों के लिए लाभदायक है।
6. vEyfiÙk – (एसिड पेप्टिक डिसआर्डर्स) समान मात्रा में आँवला फल, शतावरी की जड़ और शक्कर को मिलाकर महीन पाउडर बना लें, 5 ग्राम पाउडर, घी तथा शहद के साथ मिला लें, 40 दिनों तक खाली पेट सुबह सेवन करें।

15- vkjXo/kk ¼veyrkl½

Cassia fistula, Caesalpiniaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– सोनारू
बंगाली	– सोंडला
अंग्रेजी	– Indian Laburnum, Purging cassia
गुजराती	– गरमाला, गरमालो
हिंदी	– अमलतास
कन्नड़	– अगरवधा, कक्के, कक्के गिड़ा, कक्केरनरा, कक्केदई, राजतरु
कश्मीरी	– क्रियांगल फली
मलयालम	– कोन्ना, क्रितामलम
मराठी	– बहवा, गरमाला, अमलतास
उड़िया	– सुनारी
पंजाबी	– अमलतास
तमिल	– सराकोंराई, सरक कोन्नई, सराक्कोनराई
तेलुगु	– रेला
उर्दू	– खियार साम्भर

औषधीय प्रयोग

1. nkn@[kqtyh – प्रभावित त्वचा पर अमलतास की पत्तियों का महीन मिश्रण दिन में एक बार लगाने से दाद तथा खुजली में आराम मिलता है।
2. —fe lØe.k – 10 मि०ली० अमलतास की ताजा पत्तियों का रस 5–6 दिन तक खाली पेट सेवन करने से आंतों की कृमि (कीड़ों) से राहत मिलती है।
3. dCt – 15–20 ग्राम छाल को 100 मि०ली० पानी में एक चौथाई रहने तक उबालें। इस काढ़े को प्रतिदिन एक बार लेने से कब्ज, उदर का आफरा तथा पुराने रुधिर विकृति रोगों में आराम मिलता है।
4. tqykc – 3–4 इंच के पके हुए मोटे बीज रहित फल का गूदा पूरी रात पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को थोड़े से गुड़ के साथ पीएं। ऐसा करने से 2–3 बार पेट के साफ होने पर गैसीय अफरे में आराम मिलता है।
5. ihfy;k – एक मुठ्ठी भर नरम पत्तियों की कलियाँ (पीले रंग वाले फूल) लेकर नमक, गुड़ या काली मिर्च के मिश्रण से उनका सूप बनाएं। यह सूप केवल हितकर आहार ही नहीं हैं, इससे पीलिया रोग में भी आराम मिलता है।
6. Lokn v{kerk – द्रव्य या अफीम का अधिक मात्रा में सेवन करने से स्वाद की संवेदना की क्षति होने पर इस फल का गूदा काफी कारगर होता है। 25 ग्राम फल के गूदे को 250 ग्राम गर्म दूध के साथ मिलाकर रोजाना इससे कुल्ला करें। इससे लाभ होगा।

16- vkorhuh ¼ejkM Qyh½

Helicteres isora,
Sterculiaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Indian Screw Tree
हिंदी	– मरोड़ फली
तमिल	– वल्लिपिरी
तेलुगु	– नुनिदाला गुबा तासा, गुवरदारा
गुजराती	– मरादसिंग
उर्दू	– मुर्मुरिया
मलयालम	– ईश्वरमुरी
बंगाली	– अन्तमोरा
कन्नड़	– पेडामुरी

औषधीय प्रयोग

1. dku nnZ – इसकी कलियों को कूट कर अदरक के रस में मिला कर उबाला जाता है। इस प्रकार बने तेल की दो से तीन बूँदें कान के चुभन वाले दर्द तथा कान की अन्य बीमारियों में उपयोगी होती हैं।

2. fgpdh – हिचकी तथा ज्वर के लिए 4 – 6 ग्राम चूर्ण कलियों का शहद के साथ दिन में 2 बार उपयोग किया जाता है।

3. vfrlkj – कूटी हुई छाल तथा कलियों की 5 ग्राम मात्रा को 100 मि०ली० पानी में पका कर 25 मि०ली० किया जाता है। यह काढ़ा प्रतिदिन 2–3 बार दिया जाता है।

4. [kt yh – इसकी पत्तियों का लेपन कई तरह के त्वचा रोग जैसे, खुजली, एक्जीमा इत्यादि में कारगर है।

5. mnj'ky – 3–6 ग्राम फलों के चूर्ण को गर्म पानी के साथ प्रतिदिन दो बार लेना उदरशूल में उपयोगी है। इसके फल आँतों के समान दिखते हैं। ये फल मुड़े हुए होते हैं अतः पेट में होने वाले मरोड़ भरे दर्द में उपयोगी हैं।

6. d.M – कण्डु रोग में इसकी जड़ का लेप बाहर से लगाया जाता है।

17- b{kq ¼bl[k½

(Saccha rumofficinarum, Poaceae)

स्थानीय नाम

असमिया	– कुसीयर
बंगाली	– गन्ना
अंग्रेजी	– Sugarcane
गुजराती	– शेरडी, सेरडी
हिंदी	– ईख, गन्ना
कन्नड़	– काब्बू
मलयालम	– कारुम्बु, करिम्पु
मराठी	– ऊंष
उड़िया	– आखु
पंजाबी	– गन्ना
तमिल	– कारुम्बु
तेलुगु	– चेरुकु
उर्दू	– गन्ना, नैशकर

औषधीय प्रयोग

1. ihfy;k & पीलिया रोग में 2 गिलास गन्ने का ताजा रस पीना फायदेमंद है।
2. nkrkas ds fy, mÙke – गन्ने के रस का नित्य समयावधि में सेवन किया जाना चाहिए। इससे दांतों की अच्छी कसरत होती है और साथ ही दांत भी मजबूत होते हैं। इसके अतिरिक्त, इससे दांत साफ रहते हैं और वे ज्यादा समय तक स्वस्थ रहते हैं।
3. e=k'k; dh iFkjh – गन्ने के रस का नित्य सेवन किया जाता है। वास्तव में यह एक प्राकृतिक मूत्रवर्धक है। यह न केवल मूत्राशय की पथरी को बाहर निकालने में सहायक है बल्कि यह पूरे शरीर की मूत्र प्रणाली को पोषण देता है।
4. xehZ ls jkgr – शरीर को ठंडा रखने के साथ–साथ गन्ने का रस शरीर को नमी प्रदान करता है। यह तापाघात के संभावित खतरे को कम करने में मदद करता है।
5. otu c<kus ds fy, – वजन बढ़ाने के लिए प्रतिदिन एक गिलास गन्ने के रस का सेवन करने की सिफारिश की जाती है।
6. fgpdh – एक गिलास गन्ने के रस में 3 ग्राम सौंठ डालकर पीना हिचकी में फायदेमंद होता है।
7. lxg.kh ¼isfp'k½ – आधा कप गन्ने का रस और आधा कप अनार का रस प्रतिदिन दो बार पीने से संग्रहणी (पेचिश) में फायदा होता है।

18- bUnok : .kh ¼bUæk;u½

Citrullus colocynthis, Cucurbitaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– रखल ससा मुल
अंग्रेजी	– Colocynth, Bitter Apple
गुजराती	– इन्द्रवरण, इन्द्रायन, इन्द्रमनोआ, इन्द्रवरनोआ
हिंदी	– इन्द्रायन
कन्नड़	– हवुमेक्के, हवुमक्के, इन्द्रवरुणी, तुन्तीकाई, कदुकवड़ी
मलयालम	– वलियाकत्तुवेल्ल, वलिया पेक्कुमट्टी, चीयाकत्तुवेल्लरी
मराठी	– इन्द्रयाणा, इन्द्रवरणा
उड़िया	– गोथाकाकुक्टी, इन्द्रयानालता, गरुखिया
पंजाबी	– कौड़ातुम्मा, तुम्बी
तमिल	– पैकामट्टी, पैथुमट्टी, वरीथुम्मटी, अरुथुनुनट्टी
तेलुगु	– चेड्डु पुच्चा
उर्दू	– हंजल, इन्द्रायण

औषधीय प्रयोग

1. **le; l igy gh ckyk dk lQn gk tkuk** – 50 ग्राम सूखे हुए बीजों के पेस्ट को तिल के तेल में उसकी सारी नमी खत्म होने तक पकाएं। इस तेल के नियमित रूप से खोपड़ी पर मालिश करने से, बालों के समय से पहले ही सफेद होने की समस्या दूर होने लगती है।
2. **dCt** – इसकी 1–3 ग्राम जड़ के चूर्ण को रोजाना सोने से पहले गरम पानी के साथ लेने से कब्ज, पेट की सूजन तथा मासिक धर्म आदि में आराम मिलता है।
3. **fo"kkä Hkk tu** – विषाक्त भोजन की स्थिति में इसके 2–3 ग्राम बीजों के चूर्ण को दिन में दो या तीन बार लें। इससे उल्टी में आराम होगा और संभावित खतरे को रोका जा सकेगा। मछुआरे इसका प्रयोग पर्याप्त मात्रा में करते हैं क्योंकि वे कई बार जहरीली मछलियाँ खाने से विषाक्त भोजन के शिकार हो जाते हैं।
4. **i|jk d Nky** – मुठ्ठी भर सूखे बीजों को 500 ग्राम पानी में तब तक उबालें जब तक कि वह पानी का एक चौथाई नहीं रह जाए। इसके लिए साबुत फल का भी प्रयोग किया जा सकता है। बरसात के मौसम में पैरों के छाले तथा विवाई फटने (क्रक्स) पर इस काढ़े में 15–30 मिनट तक पैर डुबोकर रखने से आराम मिलता है।
5. **vMdk"k dk vkdkj c<uk** – 3 ग्राम जड़ के चूर्ण को अरंडी के तेल में मिश्रण बनाकर गाय के दूध के साथ दिन में दो बार लेने से आराम मिलता है।

19- bnoYyh ¼dkuQVh½

Cardiospermum halicacabum, Sapindaceae

स्थानीय नाम

बंगाली – ज्योतिष्मती

अंग्रेजी – Ballon Vine, Heart's Pea

गुजराती – बोधा, कपालफोड़ी, शिवजाल, नयफटकी

हिंदी – कानफूटी, लताफटकी

कन्नड़ – कनकय्या

मलयालम – उलिन्ना

मराठी – फटफटी

तमिल – मोदीकोट्टन, मुदकरुत्तन(सिद्धा), मुदुकोट्टन

तेलुगु – वेक्कुदुतिगा

औषधीय प्रयोग

1. lf/k 'kkFk – पत्तियों से तैयार किया गया तेल संधि शोथ में लेपन हेतु बहुत ही कारगर है।
2. dku nnZ – पत्तियों के रस की 2–3 बूँदें कान दर्द, कान से पीप निकलने पर उपयोग की जा सकती हैं।
3. cokl hj – बवासीर के लिए इसकी पत्तियों या पूरे पौधे का काढ़ा (20 ग्राम मिश्रण को 200 मि०ली० पानी में तब तक उबालते हैं जब तक कि पानी 50 मि०ली० नहीं रह जाता) दिन में दो बार दिया जा सकता है।
4. çlokÙkj n[kHkky – सामान्य प्रसूता महिला को प्रसव के एक सप्ताह के पश्चात् इसकी पत्तियों का लेप पेट के निचले हिस्से में करने से गर्भाशय से सभी उच्छिष्ट पदार्थ निकल जाते हैं।

20- b'ojh

Aristolochia indica, Aristolochiaceae

स्थानीय नाम

असमिया – जरवन्दे
बंगाली – ईशेरी
अंग्रेजी – Indian Birthwort, Serpent Root
गुजराती – रुहीमूल, ईश्वरीमूल
हिंदी – ईश्वरी
कन्नड़ – ईश्वरीबेरु, टोप्पालू
मलयालम – करालेयम
मराठी – सप्सन
उड़िया – गोपिकारों
तमिल – पेरुमारुन्दु, इच्छुरामुले
तेलुगु – इस्वरी, नल्लईस्वरि
उर्दू – जरावंद

औषधीय प्रयोग

1. dhVn'k – पत्तियों के पेस्ट को कीटदंश वाले भाग पर अच्छी तरह से लगाया या रगड़ा जाता है। कीटदंश और जहरीले सांप के काटने पर पत्तियों के 10–20 मि०ली० (रस) में काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर दिन में 6–7 बार दिया जाता है। पत्तियों का रस सभी प्रकार के विषाक्तदंश के लिए सर्वोत्तम औषधि है।
2. c[kkj – बुखार, अतिसार (दस्त) आदि के लिए पूरे पौधे से निस्सारित सत्त (रस) की 5–10 मि०ली० मात्रा दिन में तीन बार दी जाती है।
3. tkMk dk nnl – पूरे पौधे की पेस्ट बनाकर उसे अरंडी के तेल में हल्का गरम करके दर्दनाक जोड़ों पर लगाया जाता है।
4. nek ¼'okl jkx½ – विषाक्तता, दमा (श्वास रोग), खांसी और बुखार के लिए जड़ का चूर्ण 3 ग्राम की मात्रा में शहद के साथ दिया जाता है।
5. jäkYirk ¼[ku dh deh½ – 5 ग्राम पत्तियों का चूर्ण पानी के साथ दिन में 2 बार लेना रक्ताल्पता में हितकारी है।
6. fljnnl – पत्तियों के पेस्ट को हल्दी के साथ मिलाकर दिन में 2 बार ललाट (माथा) पर लगाया जाता है।

21- ,Mxtk ¼nknenZu½

Cassia alata,
Caesalpiniaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Candle Bush, Ringworm Shrub
हिंदी	– दादमर्दन, प्रपुन्नाद
तमिल	– सीमाईअगथी
मलयालम	– सिमायाकट्टी, मलमटकारा आनट्टकारा
कन्नड़	– सिम आगसे
मराठी	– शिमाई आगसे
तेलुगु	– अविसिसेड्ढ, मेट्टा–तमारा, सीमा अविसे
उर्दू	– एर्गाज

औषधीय प्रयोग

1. Qxy lØe.k – पत्तियों का लेप संक्रमित भाग पर लगाया जाता है। यह दाद को कम करने में बहुत ही असरदार है।

2. QVh ,Mh – नारियल तेल या तिल के तेल में मिलाकर बनाया गया पत्तियों का लेप फटी एड़ियों को भरने में बहुत ही असरदार है।

3. : lh – बारीक पिसी पत्ती, नींबू के रस के साथ मिलाकर सिर पर 30 मिनट लगाएं। तत्पश्चात सौम्य हर्बल शैम्पू से बाल धो लें।

4. ?kko – पत्तियों तथा छाल के लेप का प्रयोग बहुत ही असरदार तरीके से घाव भरता है।

5. dCt – शहद के साथ 3–5 ग्राम फूलों का चूर्ण एक अच्छे मृदु विरेचक की तरह काम करता है।

6. ,¶Fkl vYlj – पत्तियों के काढ़े से गरारे करें (1 मुट्ठी पत्तियों को 100 मि०ली० पानी में तब तक उबालें जब तक यह 25 मि०ली० ना हो जाए।)

22- ,j.M ¼vj.M½

Ricinus communis,
Euphorbiaceae

स्थानीय नाम

असमिया – ईडा, इरा
बंगाली – बेहेरेन्दा
अंग्रेजी – केस्टर आइल प्लान्ट
गुजराती – इरान्डिओ, इनरान्डो
हिंदी – अरण्ड, इरण्ड, अन्डी, रेन्ड
कन्नड़ – हरालु, ओडाला गिडा
कश्मीरी – अरन, बनानगीर
मलयालम – अवानाकु
मराठी – इराण्ड
उड़िया – जाडा, गाबा
पंजाबी – अरिन्ड
तमिल – अमानाकु
तेलुगु – अमुदापु विरु
उर्दू – बेदांजीर, अरण्ड

औषधीय प्रयोग

1. ihfy;k – 5 ग्राम नरम पत्तियों का महीन पेस्ट अलसुबह खाली पेट लेने से पीलिया में आराम मिलता है।
2. tkMk dk nnl – परिपक्व हुई पत्तियों के लेप को छोटे रवेदार नमक के साथ मिलाकर गर्म करे और इसका गुनगुना लेप मांसपेशी की सूजन तथा जोड़ों पर लगाएं। यह सूजन तथा दर्द को कम करता है।
3. v.Mdk"k e of) – 10 मि.ली. अरण्डी का तेल एक कप दूध में मिलाकर एक माह तक प्रतिदिन रात्रि भोजन के पश्चात लेना गुणकारी है।
4. x/klh – 10 ग्राम जड़ के चूर्ण को 100 मि.ली. दूध में उबालकर इसे आधा कर लें तथा प्रतिदिन दो बार गृध्रसी (साइटिका) के दर्द के निवारण के लिए सेवन करें। इससे कब्ज में भी राहत मिलती है।
5. mnj'ky – अरण्डी की पूरी पत्ती और तिल के तेल का लेप करें तथा थोड़ा सा गर्म कर इसे पेट (नाभि) पर लगाया जाए तो इससे उदरशूल में राहत मिलती है।
6. —fe lØe.k – 2 ग्राम पलाश (बीयूटीआ मोनोस्पर्मा) बीजों के चूर्ण को 10 मि.ली. अरण्डी के तेल के साथ रात्रि में सोने के पूर्व लिया जाए। इस औषध से सूक्ष्म कृमि से 3–4 दिनों में राहत मिल जाती है।
7. nX/klo.k – दूध पिलाने वाली माताओं के मामले में पत्तियों को गर्म कर स्तन पर पट्टी के रूप में दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए लगाएं। यह स्तन के फोड़े में भी गुणकारी है।

23- ,j.Md dVh ¼i ihrk½

Carica papaya, Caricaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– पपेया, पप्पीया
अंग्रेजी	– Papaya, Melon tree, Pawpaw
गुजराती	– एरंडाकाकड़ी, पपयी, पपीता
हिंदी	– पपीता
कन्नड़	– परंगी, पपाय
मलयालम	– करमासु, पपाय, करुमत्ती
मराठी	– पपाया, पपयी
पंजाबी	– एरंडखरबूजा
तमिल	– पप्पली
तेलुगु	– बोप्पयी, बोब्बासी, परंगी

औषधीय प्रयोग

1. —fe lØe.k – कच्चे पपीते का 30 मि०ली० अर्क (रस) शहद के साथ दिन में एक बार एक सप्ताह तक लेना फायदेमंद है और यह आंत्र कृमियों के उपचार में सहायक है। उबले हुए फल के नियमित सेवन से कृमि विशेषकर पिन–कृमि शरीर से निष्काषित हो जाते हैं।
2. vfu;fer ekfld /keZ – कच्चे पपीते का नियमित सेवन किया जा सकता है। कच्चा पपीता गर्भाशय टॉनिक का कार्य करता है और प्रजनन अंगों से संबन्धित रोगों का उपचार करता है। तथापि, गर्भावस्था के दौरान फल का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे गर्भपात हो सकता है।
3. pgjk jt drk – पके हुए पपीते के गूदा को ताजा दूध में मिलाकर तैयार किया गया मिश्रण एक बेहतरीन फेस पैक है। यह त्वचा को नमी प्रदान करता है और धब्बों को हटाता है।
4. c[kkj – पपीते को अच्छी तरह से धोकर उसके मध्य भाग को अलग कर दें और फिर पानी के साथ मिलाकर उसका रस निकाल लें। 8–10 मि०ली० अर्क (रस) दिन में 3–4 बार ले सकते हैं। यह प्लेटलेट की सामान्य संख्या को बहाल करने में मदद करता है और डेंगू बुखार को कम करता है।
5. u=jkx – पपीते में विटामिन–सी और कैरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो आँखों को आयु संबंधी दागदार अपक्षयी रोगों और दृष्टि दोष को रोकता है।
6. lxg.kh ¼iphl½ – पपीते के बीज के चूर्ण की 3 ग्राम मात्रा को गरम पानी के साथ भोजन से पहले दिन में दो बार लेना हितकर है क्योंकि इसमें जीवाणुरोधी गुण होते हैं।

24- dVqdk ¼dVdh½

Picrorhiza kurroa, scrophulariaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– कटकी, कुटकी
बंगाली	– कटकी, कुटकी, कुरु
अंग्रेजी	– Hellebore
गुजराती	– कडु, कटु
हिंदी	– कुटकी
कन्नड़	– कटुका रोहिनी, कुटुका रोहिनी
मलयालम	– कडुक रोहिनी, कटुका रोहिनी
मराठी	– कुटकी, कालीकुटकी
उड़िया	– कटुकी
पंजाबी	– कार्रू, कौर
तमिल	– कटुका रोहिनी, कटुकु रोहिनी, कडुगुर रोहिनी
तेलुगु	– करुकारोहिनी
उर्दू	– कुटकी

औषधीय प्रयोग

1. QVh fyoj ¼Liver½ – 2–3 ग्राम कटुका की जड़ के चूर्ण को गुनगुने पानी के साथ दिन में दो बार, तीन महीने तक लेने से फैटी लिवर(स्पअमत) में आये परिवर्तनों को पुनः ठीक करता है।
2. Åijh 'olu uyh e lØe.k – कटुका की जड़ के 1 ग्राम चूर्ण को शहद के साथ मिलाकर दिन में 4–5 बार चाटें। यह विशेषतौर से बच्चों में ऊपरी श्वसन नली संक्रमण और कफ की अधिकता जैसी स्थिति में गुणकारी है।
3. Toj – 2 ग्राम कटुका चूर्ण को 100 मि.ली. पानी में एक चौथाई मात्रा होने तक उबालें यह काढ़ा ज्वर, ईओसिनोफीलिया तथा सर्दी में लाभदायक है। शहद अथवा गुड़ को सह औषधि के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है।
4. gkbi dkyLVªky – कटुका तथा हल्दी चूर्ण को समान मात्रा में अच्छी तरह मिलाकर 3 ग्राम मात्रा गुनगुने पानी के साथ दिन में दो बार लेने से हायपरलिपिडिमिया के उपचार में बहुत प्रभावी पाया गया है।
5. tBj 'kkFk ¼xLVªkbfVl½ – 2 ग्राम कटुका चूर्ण को शक्कर के साथ मिलाकर प्रतिदिन दो बार भोजन के पश्चात लेना अम्ल पित्त में लाभदायक है। यह आंत की सूजन को कम करता है तथा अल्सर को ठीक करता है।

25- dnyh ¼dsyk½

Musa paradisiaca,
Musaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– कल, तल्हा
बंगाली	– केला, काला, कांच काला, कोदाली
अंग्रेजी	– Banana
गुजराती	– केला
हिंदी	– केला
कन्नड़	– बेल गद्दे
मलयालम	– वझा
मराठी	– केला
उड़िया	– कदली, कदीला
पंजाबी	– केला
तमिल	– वझाई
तेलुगु	– आरती गड्डा
उर्दू	– केला

औषधीय प्रयोग

1. ifj/kh; rf=dk fo—fr – थोड़े से अरंडी के तेल के साथ तले हुए कुचले फूल हाथ–पैरों में जलन महसूस होने पर सेंकते अथवा पट्टी के लिए प्रयोग किए जाते हैं।

2. dCt – केला एक अच्छा रेचक, पौष्टिक और मूत्रवर्धक फल है।

3. vip – केले के पत्ते खाने में अच्छे होते हैं, क्योंकि यह अपच तथा शारीरिक ऊष्मा का उपचार करने में मदद करता है।

4. nnZukd lwtu – अच्छी तरह से कुचली हुई केले की जड़ तथा केले का मिश्रण दर्दनाक सूजन पर पट्टी के लिए प्रयोग किया जाता है।

5. e=k'k; iFkjh – केले के तने का 20 मि.ली. रस 3 माह तक नियमित रूप से प्रतिदिन दो बार लें।

6. dod lØe.k ¼fl/ke½ – 2 ग्राम हल्दी पाउडर के साथ मिश्रित 2 ग्राम केला पत्ता क्षार (जली हुई पत्तियों की राख) के पेस्ट को प्रभावित त्वचा पर लगाना कवक संक्रमण में लाभदायक होता है।

26- dey

Nelumbo nucifera,
Nelumbonaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– पोडुम
बंगाली	– पद्म फूल, सालफूल
अंग्रेजी	– Lotus
गुजराती	– कमल
हिंदी	– कमल, कंवल
कन्नड़	– कमल, तावरे, नैदिले, तावरेगेद्द
मलयालम	– तामर, वंथामरा, चेंठामरा, सेंठमरा
मराठी	– कोमल
उड़िया	– पद्मा
पंजाबी	– कंवल, पंपोष
तमिल	– तामरै, थामारैपू, अरविन्दन, पादुमन, कमलम, सरोजम
तेलुगु	– कलुवा, तमारपुवोव
उर्दू	– कमल

औषधीय प्रयोग

1. i'kkc e tyu vkj i'kkc dk ckj&ckj vkuk – पेशाब में जलन होने पर कमल के पत्तों से तैयार पेस्ट या प्रकन्द से तैयार पेस्ट की 3 ग्राम मात्रा दिन में 2 बार दूध के साथ लेना लाभदायक होती है।
2. li&n'k – जहरीले सांप के डसने पर कमल के फूल को अच्छी तरह से पीसकर नियमित अंतराल पर पानी के साथ दिया जा सकता है।
3. vfrlkj – अतिसार (दस्त) में कमल के पत्तों का 5 मि०ली० अर्क (रस) दिन में 2 बार लेने से अतिसार में लाभ होता है। इसके साथ–साथ यह हृदय के लिए भी उत्तम है।
4. [kuh coklhj – खांसी, खूनी बवासीर, खूनी दस्त आदि में कमल के फूलों/प्रकन्द के 3 ग्राम चूर्ण को एक कप दूध के साथ दिन में 2 बार दिया जा सकता है।
5. mPp jäpki – वेन्थमराय पू चूर्णाम एक सिद्ध औषधि है, जो उच्च रक्तचाप के उपचार में बहुत प्रभावशाली है और इस औषधि की 2–3 ग्राम मात्रा दिन में 2 बार भोजन से पहले दूध के साथ दिया जा सकता है।
6. mPp jtdrk – फूलों की महीन पेस्ट बनाकर प्रतिदिन चेहरे पर लगाई जाती है। इससे चेहरे के रंग और सौंदर्य में सुधार होता है। इसके अलावा इसके इस्तेमाल से काले धब्बे और झाइयाँ मिटती हैं।

27- djt ¼fnFkkjh½

Pongamia pinnata,
Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	कोरच
बंगाली	–	नाटा करंजा, दहारा करंजा
अंग्रेजी	–	Smooth Leaved Pongamia
गुजराती	–	कनाजो, करंजी
हिंदी	–	दिथोरी, करुआइनी
कन्नड़	–	होंगे, हुलाजिलु
कश्मीरी	–	काथ
मलयालम	–	अवित्ताल, उनगु, उनु, पुन्गु
मराठी	–	कारान्जा
उड़िया	–	करन्जा
पंजाबी	–	करान्जी
तमिल	–	पुन्गन, पोंगाना
तेलुगु	–	लामिगा, कानुगा
उर्दू	–	करन्ज

औषधीय प्रयोग

1. ?kko – 20–30 ग्राम करंज छाल को 200 मि.ली. पानी में एक चौथाई होने तक उबालें। यह काढ़ा पुराने छालों तथा जख्मों को धोने में उपयोग किया जाता है। कटि स्नान विशेषकर एनोरेक्टल शल्यक्रिया एवं क्षारसूत्र चिकित्सा में उपयोगी है।
2. dhV rFkk rr[;k dk Md ekjuk – ततैया के डंक मारने अथवा कीट के डंक लगे हुए भाग पर ताजी पत्ती का रस बार–बार लगाया जाता है। इससे सूजन तथा दर्द तुरन्त कम हो जाता हैं।
3. Nkt u ¼**Eczema**½ – नई हल्दी की गॉठ और करंज के बीजों के समान मात्रा में तैयार किए लेप को त्वचा के फोड़ों, जैसे– छाजन, खुजली इत्यादि पर लगाएं।
4. djt fDVokbfVl – करंज की 20 कोंपलें गर्म पानी में रात भर भिगोएं। अगली सुबह पत्तियों को मसल लें तथा ठंडा मिश्रण प्राप्त करने के लिए इसे छान लें। इससे आँखें धोएं इससे कंजक्टिवाइटिस के दौरान होने वाले दर्द, विवर्णता तथा किरकिरेपन से राहत मिलती है।
5. cokl hj – करंज छाल 3 ग्राम और त्रिफला चूर्ण 3 ग्राम को 200 मि. ली. पानी में एक चौथाई होने तक उबालकर काढ़ा बना लें। इसकी 25 मि.ली. मात्रा दिन में दो बार लें तथा क्षारसूत्र चिकित्सा के ऑपरेशन के पश्चात कटि–स्नान हेतु प्रयोग करें।
6. QkM+k – समान मात्रा के करंज के बीज, तिल, राई, दुग्धिका पौधा, अरंडी के बीजों का महीन लेप बनाकर इसे फोड़ों पर लगाने से आराम मिलता है।

28- dij ¼dij½

Cinnamomum camphora, Lauraceae

औषधीय प्रयोग

1. dhV fod"kd – कपड़े के टुकड़े को कपूर के तेल में भिगोकर घर के कोनों में रखने से कीड़े–मकोड़े, जैसे–मच्छर और मक्खियां आदि घर से बाहर निकल जाते हैं। इसके अतिरिक्त कपूर का तेल रोगाणुओं को खत्म करने के साथ–साथ सिर की जूँओं को भी नष्ट करता है।
2. Ropk dh [kqtyh – कपूर का तेल त्वचा के लिए उत्तम है और यह त्वचा की खुजली, लाल चकत्ते और शोथ को दूर करता है।
3. tksMks dk nnZ – तिल के तेल में कपूर डालकर तेल को गरम कर लें। इस तेल से शरीर की मालिश करने और उसके बाद गरम पानी से नहाने से शरीर शूल से राहत मिलती है। वास्तव में कपूर एक औषधि होने के साथ–साथ कोशिकाओं के फैलाव को क्रियाशील भी बनाता है।

स्थानीय नाम

असमिया	–	कर्पूर
बंगाली	–	कर्पूर
अंग्रेजी	–	Camphor
गुजराती	–	कपूर
हिंदी	–	कपूर
कन्नड़	–	कर्पूर
मलयालम	–	कर्पूरम, चट्क्कापूरम
मराठी	–	कापूर
उड़िया	–	कर्पूर
पंजाबी	–	कपूरा
तमिल	–	कर्पूरम
तेलुगु	–	कर्पूरम, कार्पूरामू
उर्दू	–	रियाही, कफ्फूर, काफोरा

4. QQwnh; u[k – कवक–संक्रमित पैर की अंगुलियों के नाखूनों को राहत प्रदान करने के लिए कर्पूरित तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।
5. tys dk fu'kku – एक चुटकी कपूर को पानी में मिलाकर जले हुए स्थान पर लगाएं। निशान खत्म होने तक इसे प्रतिदिन लगाएं।
6. flj dh tw – 10 ग्राम कपूर को 100 मि०ली० नारियल के गरम तेल में घोलकर मिलाए और ठंडा होने पर सोने से पहले सिर की त्वचा पर लगाएं अगली सुबह बालों को धो लें।
7. Nkrh esa jä lap; – 5 ग्राम कपूर को 100 मि०ली० तिल के तेल में मिलाकर तेल को गरम किया जाता है। इस तेल को छाती पर लगाया जाता है और उसके पश्चात गरम पानी से छाती की सिंकाई की जाती है।

29- dkpukj ¼dpukj½

Bauhinia variegata,
Caesalpiniaceae

औषधीय प्रयोग

1. eqg dk o.k – 20 ग्राम कचनार छाल के चूर्ण को 200 मि०ली० पानी में उबालकर 50 मि.ली. का काढ़ा तैयार किया जाता है। इस काढ़े का उपयोग मुंह के अल्सर के लिए प्रतिदिन 2–3 बार कुल्ला करने के लिए होता है।
2. nLr – 3 ग्राम छाल के पाउडर को गर्म पानी में मिलाकर दिन में दो बार लेना चाहिए।
3. ;—r leL;k – 10–20 मि०ली० पत्ते के रस को दिन में दो बार प्रयोग करने से, यकृत के आकार में हुई वृद्धि को घटाता है।
4. Fkk;jkbM ,o VkfUly dh leL;k – 10 ग्राम कंचनरा के छाल को 100 मि०ली० पानी में उबालकर 20 मि०ली० का काढ़ा तैयार किया जाता है इसे प्रतिदिन दो बार पीना चाहिए।
5. xHkk'k; e vYlj vkj Qk;ckbM – 200 मि.ली. पानी में 20 ग्राम छाल को तब तक उबालते है जबतक यह घटकर 50 मि.ली. रह जाए। इसे पीने से हार्मोनल अंसतुलन के इलाज में उपयोगी सिद्ध होता है।
6. e= e tyu – 10 ग्राम छाल, 3 ग्राम जीरा बीज, 13 ग्राम धनिया बीज, 100 मि.ली. पानी में मिलाकर 50 मि.ली. काढ़ा रह जाने तक उबाला जाता है। इसे छानकर इसमें कुछ गुड़ डालकर दिन में दो बार पीते है।

स्थानीय नाम

असमिया	– कंकन, कंचन
बंगाली	– कंचना, रक्त कंचना
अंग्रेजी	– Mountain Ebony
गुजराती	– छंपकटि, कंचनर, कचनर
हिंदी	– कचनार, कंचनर, कच्नर
कन्नीड़	– केयुमंदर, कंचवला
कश्मीरी	– कलड
मलयालम	– छुवन्न मंदारम
मराठी	– कंचना, रक्तकंचना
ओडिया	– कछना, कनियारा
पंजाबी	– कंछनर
तमिल	– सिगप्पु मंदारै, सिहप्पु मंदारै
तेलुगु	– देव कांचनम

30- dkjoYyd ¼djsyk½

Momordica charantia,
Cucurbitaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– काकिरल, ककरल
बंगाली	– कारोला
अंग्रेजी	– Bitter Gourd
गुजराती	– करेला
हिंदी	– करेला
कन्नड़	– हगालकई
मलयालम	– कैप्पा, पवक्कई
मराठी	– करला
उड़िया	– कालरा, सलरा
पंजाबी	– करेला
तमिल	– पहरकई
तेलुगु	– काकरा काया
उर्दू	– करेला

औषधीय प्रयोग

1. nX/k lo.k ¼yDV’ku½ – करेले के पत्ते का पेस्ट बनाएं एवं लेप को रातभर वक्षस्थल पर लगाएं अथवा यदि संभव हो तो पूरे दिन लगा रहने दें। प्रत्येक दिन ताजे पत्तों का ही प्रयोग करें।

2. e/keg – शोध से यह सिद्ध हुआ है कि करेले में इंसुलिन जैसे तत्व पाए जाते हैं। अतः इसे इंसुलिन पौधा भी कहा जाता है, जो कि मधुमेह के स्तर को कम करने में अत्यंत लाभप्रद है। प्रत्येक दिन सुबह (3–4 करेला) एक कप ताजे करेले का रस पीएं। यह मधुमेह में अत्यंत लाभकारी है।

3. ?kko – करेले एवं धतूरे के पत्ते का लेप घाव के ऊपर लगाएं इससे घाव शीघ्र ठीक हो जाता है।

4. vkrk d dhM – आंतों के कीड़े के उपचार के लिए 3–5 दिन तक खाली पेट सुबह–सुबह ताजे करेले के 20 मि०ली० रस का खुराक दिया जाता है।

5. jä 'kf) – करेले के रस का प्रतिदिन 20 से 25 मि०ली० सेवन रक्त को शुद्ध करता है।

6. vkx c<k g, xHkk’k; – आगे बढ़े हुए गर्भाशय को अपने सामान्य आकार में लाने के लिए कारवेल्लक जड़ के पेस्ट को लगाकर दबाएं तथा T बैंडेज बांधें।

31- dkye?k

Andrographis paniculata, Acanthaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– The Creat, King of Bitters
हिंदी	– कालमेघ, कल्पनाथ
बंगाली	– कालमेघ
गुजराती	– करीयाथु, लिटु करियात
कन्नड़	– नीलाबीयु
मराठी	– किरीयाथ
मलयालम	– नीलविपु, नीलावेम्बु, नीलावयापु
तमिल	– नीलावेमु, नीलावेम्बु
तेलुगु	– नीलावेमु
उर्दू	– भुई नीमो

औषधीय प्रयोग

1. **Nkt u¼Eczema½** – कालमेघ के पूरे पौधे के 50 ग्राम पेस्ट को 200 मि.ली. तिल के तेल में मिला लें। इस मिश्रण को नमी दूर होने तक पकाएं। इस तेल को त्वचा के घाव विशेषकर छाजन पर लगाएं। यह डेन्ड्रफ तथा सेबोरिका डर्मेटाइटिस में भी प्रभावी है।
2. **fo"keToj ¼ekleh c[kkj½** – कालमेघ पौधे का चूर्ण, सोंठ (सूखा अदरक) और काली मिर्च पाउडर समान मात्रा में अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण के 3 से 5 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में तीन या चार बार लेने से बार–बार आने वाला बुखार शांत होता है। यह चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू जैसे बुखारों में बहुत प्रभावी औषधि है। यह रक्त शुद्धि की अति उत्तम औषधि है।
3. **v#fp rFkk feryh** – पौधे के 2–3 ग्राम महीन चूर्ण को शहद के साथ दिन में दो बार चाटने से भूख और प्यास बढ़ती है। मितली एवं उल्टी में भी लाभकारी है।
4. **vkr d dhM** – 3 ग्राम पत्तियों का चूर्ण एक सप्ताह तक हर रोज अलसुबह खाली पेट लेने से आंतों के कीड़ें विशेषकर कृमि को समाप्त करने में गुणकारी हैं। अक्सर होने वाले दर्द और मासिक धर्म के दर्द में भी प्रभावी पाया गया है।
5. **Ropk jkx** – कालमेघ, नीम तथा त्रिफला चूर्ण को समान मात्रा में अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण के काढ़े (5 ग्राम मिश्रण, 100 मि.ली. पानी को एक चौथाई होने तक उबालें) को खाने तथा लगाने दोनों ही तरह से उपयोग में लिया जा सकता है। पुराने त्वचा रोगों तथा फोड़ों को धोने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। दिन में दो बार खाने से यह मधुमेह, खुजली, त्वचा रोगों तथा ऑखों की गम्भीर बीमारियों में प्रभावी होता है।
6. **;—r ¼Liver½ d jkx** – किरातिक्त का 10 मि.ली. ताजा रस शहद के साथ प्रतिदिन दो या तीन बार पीना यकृत(Liver) के लिए गुणकारी है साथ ही यह यकृत को विभिन्न प्रकार के विषों से सुरक्षित करता है।

32- d|ed|e ¼d'kj½

Crocus sativus, Iridaceae

औषधीय प्रयोग

1. xHkorh vkgkj – गर्भवती महिलाओं को लगभग सातवें माह के पूरे होने पर केसर लेने की सलाह दी जाती है। रात में एक कप गर्म दूध के साथ केसर के 5–6 टुकड़े दिए जाएं।

2. e|gk l – केसर (10 टुकड़े पत्तियां), 10 ग्राम चन्दन तथा गुलाब जल का मिश्रण तैयार करें। इसे चेहरे पर लगाएं। यह कील, काले घेरे, मुँहासे कम करने तथा सुन्दरता बढ़ाने में मदद करता है।

3. u= –f"V – 3 माह तक 20 मि०ग्रा० केसर लेने से दृष्टि तीव्रता और रेटिना के कार्यों में महत्वपूर्ण इजाफा होता है। यह आँख की मैक्यूला के पुर्नोदय में भी लाभदायक होता है।

स्थानीय नाम

असमिया	– कुमकुम
बंगाली	– जाफरान
अंग्रेजी	– Saffron
गुजराती	– केशर, केसर
हिंदी	– केशर, केशरा
कन्नड़	– कुमकुम, केसरी
मलयालय	– कुनकुमा पुवू
मराठी	– केशर
पंजाबी	– केसर, केशर
तमिल	– कुनगुमापूवू
तेलुगु	– कुनकुमा पुवू
उर्दू	– जाफरन

4. vY tkbej dh chekjh – अल्ज़ाइमर की बीमारी को कम करने के लिए प्रतिदिन दो बार 15 मि०ग्रा० केसर लेना सुरक्षित तथा प्रभावकारी है।

5. n|c|y rk – केसर बादाम दूध (घी में तले हुए 6 बादाम, 7 केसर के टुकड़ों का मिश्रण बनाएं और 5–10 मिनट के लिए धीमी आँच में 100 मि०ली० दूध में उबालें) रात में पीने से पुरुषों तथा महिलाओं में प्रजनन प्रणाली को पुर्नस्थापित करने में लाभदायक होता है। यह पुरुषों से सम्बन्धित समस्याओं, जैसे कि कम शुक्राणु गतिशीलता, शीघ्रपतन, स्तंभन दोष तथा कम शुक्राणु आदि में मदद करता है।

33- dqVt ¼dqjph½

Holarrhena antidysenterica, Apocynaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– दूधकुरी
बंगाली	– कुरची
अंग्रेजी	– Ester Tree, Conessi Bark
गुजराती	– कुडा,कडाछाल, कुडो
हिंदी	– कुरची, कुरइया
कन्नड़	– कोदासीज, हालागट्टीगिदा, हालागट्टी मारा
कश्मीरी	– कोगद
मलयालम	– कुटाकप्पला
मराठी	– पन्धरा कुडा
उडिया	– कुरई, केरुअन
पंजाबी	– कुरासुक, कुरा
तमिल	– कुडासपलाई
तेलुगु	– कोडीसपाला, पालाकोडीसा
उर्दू	– कुरची

औषधीय प्रयोग

1. Mk;fj;k – कुटज काढ़ा (3 ग्राम छाल, 100 मि.ली. पानी में उबालकर पानी को एक चौथाई होने दें) दिन में 3 या 4 बार लेने से डायरिया, पेचिश, आईबीएस इत्यादि रोगों में प्रभावी होता है।
2. vkr –fe – 3 ग्राम कुटज छाल और 3 ग्राम बिल्व पत्तियों को 100 मि. ली. पानी में डालकर, पानी को चौथाई होने तक उबालें और काढ़ा बना लें। यह काढ़ा दिन में दो बार लेने से आंत कृमि, घावों के कारण आतों की सूजन तथा सामान्य पेट दर्द का शमन करता है।
3. vip – कुटज के फूलों का सूप (एक कप पानी में 500 मि.ग्रा. कुटज के फूलों का पाउडर डालें तथा इसमें थोड़ा नमक, घी, चुटकी भर पीपली पाउडर को मिलाकर इसे धीमी आंच पर उबालें तथा सूप बना लें) बुखार, डायरिया तथा भूख न लगने की स्थिति में (डिसपेपसिया) यह एक अच्छी भूख बढ़ाने वाली दवा है।
4. c[kkj – कुटज के बीज, सफेद जीरा तथा सौंफ को समान मात्रा में लेकर पाउडर बना लें। इस मिश्रण की 5 ग्राम मात्रा गुनगुने पानी के साथ दिन में दो या तीन बार लेने से शाम को बढ़ने वाले बुखार में आराम पहुँचता है।
5. t[e – कुटज की छाल पाउडर का उपयोग रिसते फोड़ों पर छिड़कने के लिए किया जाता है। इससे घाव में होने वाले स्राव में आराम मिलता है तथा घाव जल्दी भर जाते हैं।

34- dqekjh ¼eqlkHkj½

Aloe barbadensis,
Liliaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– मुसाभर, माचम्बर
बंगाली	– घृतकालमी
अंग्रेजी	– Indian Aloe
गुजराती	– एलियों, एयरियो
हिंदी	– मुसाभर, एल्वा
कन्नड़	– करीबोला, लोलसारा सत्व, लोवलसरा, लोलसरा
कश्मीरी	– मुसब्बर, सिबर
मलयालम	– चेन्निनायकम
मराठी	– कोरफड़
ओड़िया	– मुसबरा
पंजाबी	– कालासोहागा, मुसाबर, अलूवा
तमिल	– कत्ताझी, सतथूककथजहाई
तेलुगु	– मुसंबरम
उर्दू	– मुसब्बर, ऐलिवा, सिबर

औषधीय प्रयोग

1. tBj’kkFk – रात में सोने जाने से पहले 30 दिनों तक 20 ग्राम एलोवेरा अवलेह का सेवन करें। यह पेट और आंत में प्रदाह और अल्सर को कम करता है।
2. vkx eq >qyluk – एलोवेरा अवलेह को हल्दी के साथ दिन में कई बार जले भाग पर लगाएं।
3. olknkj ;—r – 10 ग्राम ताजा एलोवेरा अवलेह नियमित रूप से दिन में दो बार लेने से रक्त साफ होता है और यकृत कार्य में सहायता करता है।
4. Ropk ns[kHkky – बाहरी त्वचा पर शहद के साथ अवलेह लगाएं और मालिश करें और 2 घंटे तक अवलेह को लगा रहने दें। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा मुलायम होती है और गहरे दाग हल्के होते हैं।
5. cky >Muk – नींबू के रस और एलोवेरा अवलेह को मिलाएं, इस मिश्रण को बालों पर लगाए और 30–40 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर बालों को पानी से धो लें।
6. ihfy;k – प्रातःकाल खाली पेट गुनगुने पानी के साथ 20 ग्राम ताजा एलोवेरा अवलेह का सेवन पीलिया दूर करने में बहुत प्रभावकारी है।
7. vfu;fer ekfld /keZ – 3 ग्राम काली मिर्च चूर्ण के साथ 20 ग्राम ताजा एलोवेरा अवलेह 3 माह तक रोजाना दो बार लेने से रक्त की कमी दूर होती है और अनियमित मासिक धर्म ठीक होता है।
8. ekVkik – रोजाना प्रातःकाल खाली पेट एलोवेरा (20 मि.ली.) रस पीना वजन कम करने में, मासिक धर्म अनियमितता का उपचार करने में और मासिक धर्म समयावधि के दौरान होने वाले दर्द को दूर करने में सहायता करता है।

35- dqyRFk ¼dqyFkh½

Dolichos biflorus, Fabaceae

औषधीय प्रयोग

1. xqnsZ dh iFkjh – 20 ग्राम कुलथी को 500 मि.ली. पानी में 5 से 7 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में पकाएं। बाद में इसमें से सूप लेकर 2 चम्मच अनार के बीजों को कुचलकर मिलाना है। इस मिश्रण को दिन में एक बार लें। यह गुर्दे और वस्ति के पत्थरों से राहत दिलाती है।

2. veuksfj;k – कुलथी के बीज मासिक धर्म की अवधि को प्रेरित करते हैं। अतः कुलथी के नियमित सेवन से मासिक धर्म की लंबी समस्या का समाधान मिलेगा और कम रक्तस्राव को भी सही करती है। इस काढ़े के सेवन से प्रसवोत्तर लक्षण और जेर के बहाव को उत्तेजित करती है।

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Horsegram, Cowpea
हिंदी	– कुलथी
तेलुगु	– उलवालु
कन्नड़	– हुरुली
बंगाली	– कुर्टिकालै
मलयालम	– मुथिवा, मुथेरा
मराठी	– कुलिथ
गुजराती	– कलथी, कुल्टि
तमिल	– कोळु
युनानि	– कुलथी

3. ihfy;k – कुलथी के मांड को गुड़ के साथ लेने से पीलिया से राहत मिलती है।

4. eksVkik – कुलथी का नियमित सेवन मोटापा कम करता है।

5. tksMksa dk nnZ – कुलथी के पेस्ट से स्थानीय सूजन को सेंकने से राहत मिलती है। यह शरीर में पसीने को अधिक करते हुए, पसीने के ताक खोलकर टॉक्सिन को बाहर करता है।

6. dhMs – कुलथी के काढ़े के सेवन से आंतों के कीड़े, बवासीर और कब्ज से राहत मिलती है।

36- d".k e|lyh ¼dkyhe|lyh½

Curculigo orchioides, Amaryllidaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– तलमूली, तैलमूली
बंगाली	– तलमालू, तल्लूर
अंग्रेजी	– Golden Eye Grass
गुजराती	– कलीरनुसाली
हिंदी	– स्याहमुसाली, कालीमूसली
कन्नड़	– नेल्टल, नेल्टाठीगोड्डे, नेलाटाले, नेलाटेलीगड्डे
मलयालम	– नीलाप्पीनिया
मराठी	– काली मूसली, भूईमड्डी
उड़िया	– तालामूली
पंजाबी	– स्याह मूसली, मूसली सफेद
तमिल	– नीलाप्पनाई
तेलुगु	– नेल तड़ीगद्दा
उर्दू	– मूसली सियाह, काली मूसली

औषधीय प्रयोग

1. e= e| tyu – 5 ग्राम जड़ों के चूर्ण को शहद या गुड़ के साथ दिन में दो बार लेने से महिलाओं में श्वेत प्रदर, मूत्र में जलन के अहसास तथा विशेष रूप से पुरुषों में कामलिप्सा की कमी के लिए प्रयोग होता है।
2. dkefyIlk dh deh – मूसली की जड़, अश्वगंधा की जड़, गोक्षूरा फल, कपीकच्छू के बीज व आमलकी फल को बराबर मात्रा में लें। 100 मि॰ली॰ दूध में 5 ग्राम मिश्रण लें तथा थोड़ा सा गुड़ मिलाएं। इसे बांझपन के इलाज के लिए तथा कामलिप्सा की कमी के इलाज के लिए प्रयोग करें।
3. Ropk dh ,ythZ – पत्तियों के पेस्ट को त्वचा के प्रभावित क्षेत्र पर बाहरी प्रयोग के लिए।
4. [kkalh – श्वसन संबंधी बीमारियों जैसे खांसी, ठंडक तथा अस्थमा के लिए काली मूसली के धुएं की साँस लें।
5. mPp j|tdrk – बकरी के दूध के साथ काली मूसली के चूर्ण का लेपन बाहरी प्रयोग के लिए।
6. ihfy;k – एक सप्ताह तक प्रतिदिन दो बार पानी के साथ 5 ग्राम जड़ का चूर्ण लें।
7. lkekU; 'kfä o/kd i|; – सूखा हुआ प्रकंद शरीर के लिए एक टॉनिक है तथा विभिन्न बीमारियों के विरूद्ध रक्षा तथा प्रतिरक्षा भी उपलब्ध कराता है। औषधि की मात्रा – दूध में 5 ग्राम चूर्ण।

37- [ktj ¼Ngkjk½

Phoenix dactylifera, Arecaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– तमर
बंगाली	– सोहरा
अंग्रेजी	– Dried Dates
गुजराती	– खरेक, खरिका
हिंदी	– छुहारा, छोहारा
कन्नड़	– करिनचुला, खजूरा
मलयालम	– इन्ताप्पाजम, इन्ताप्पन्ना
मराठी	– खरिका, खरिक फल, खर्जूर, खरिक
उड़िया	– खर्जूरी, खर्जूर
पंजाबी	– खजूर
तमिल	– पेरिचम, करचूरम, पेरीचेहन्ते
तेलुगु	– खर्जूरा, खर्जूराम
उर्दू	– खुरमा (खर्जूर)

औषधीय प्रयोग

1. dCt – बारीक कटे हुए 5–6 खर्जूर को 1 चम्मच घी तथा एक चुटकी काली मिर्च मिश्रित करके प्रतिदिन सुबह खाली पेट सेवन करें व इसके पश्चात 1 गिलास गरम पानी पीएं। यह कब्ज को दूर करता है तथा पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है।
2. uiqldrk ¼bjfDVd fMlQD'ku½ – ताजे खर्जूर को बारीक काटें व इसमें 3 चम्मच घी, एक चम्मच सूखा अदरक चूर्ण, इलायची चूर्ण तथा केसर के 2–3 रेशे मिलाएं एवं इसका सेवन प्रतिदिन सुबह करें। यह इरेक्टिक डिसफंक्शन का एक प्रभावशाली उपचार है।
3. iqu;kSou dk fy, – ऐसा पेय जिसमें दूध के साथ खर्जूर मिश्रित हो (खर्जूर दूध शेक) अत्यंत लाभकारी है।
4. vEyjkx – रातभर पानी में कुछ खर्जूर भिगोयें तथा इन्हें सुबह उसी पानी के साथ लें जिसमें उन्हें भिगोया गया था। इसका सेवन नियमित रूप से करें।
5. otu eas of) – 10–15 खर्जूर को रोजाना 1 गिलास दूध के साथ लेने पर शरीर के वजन में वृद्धि होती है।
6. bfjVcy ckoy flUMªke – समान मात्रा में अंगूर, गन्ने तथा खर्जूर के खमीरयुक्त रस को रोजाना एक कप दो बार लेना लाभदायी होता है।

38- [kl[kl ¼iksLrknkuk½

Papaver somniferum,
Papaveraceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– अफीम, पोस्तादाना, पोस्ता बीज
अंग्रेजी	– Opium, Poppy Seeds
गुजराती	– खसखस
हिंदी	– अफीम, पोस्तादाना, खसखस, खसबीजा
कन्न्ड	– गसगसे, आफीम, अफीनी
मलयालम	– अमीन, कराप्पु, खसखस, अलान
मराठी	– खसखस
उडिया	– अप्पू
तमिल	– कसाकस, पोस्ताकाई, अभीनी
तेलुगु	– गसगसालू, नालामण्डू
उर्दू	– अफीम

औषधीय प्रयोग

1. dhekFkjih e rho l/kkj – 5 ग्राम खसखस और 5 बादाम को 100 मि.ली. दूध में भिगोया जाता है। बादाम को छीलकर एक साथ मिक्सी में पीस लिया जाता है। दिनभर में एकबार इस दूध के सेवन से कीमोथेरेपी प्रक्रिया से गुजर रहे कैंसर रोगी और मुंह से आंत तक के जलन के लिए यह उत्तम उपचार है।
2. eg d Nky – 5–10 ग्राम खसखस के बीज को 100 ग्राम पानी में भिगोया जाता है। इससे एक स्वच्छ पेस्ट तैयार कर मुंह के छालों में लगाया जाता है।
3. lkekU; detkjh – 10–15 ग्राम खसखस के बीजों को 100 मि.ली. दूध में मिलाया जाता है। इसे अच्छी तरह से भिगो कर मथ लिया जाता है। आवश्यकतानुसार इसमें चीनी अथवा गुड़ मिलाया जाता है। यह तुरंत शक्ति देता है और थकान दूर करता है।
4. vfuæk ¼bl lkefuvk½ – नारियल के दूध से खस–खस की खीर बनाई जाती है, चीनी/गुड़ और थोड़ी मात्रा में रवा (सूजी)/गेहूं के टुकड़े अनिद्रा, सिरदर्द आदि मामलों में काफी लाभदायक होते हैं।
5. dhy&egkl – एक चम्म्च खसखस के बीजों को दही में भिगो कर पेस्ट तैयार किया जाता है और दाग, कील–मुंहासे अथवा काले निशान पर लगाया जाता है। यह इन दागों को दूर करता है।

39- xMph ¼fxyks,½

Tinospora cordifolia, Menispermaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	सिद्धिलता, अमरलता
बंगाली	–	गुलञ्चा
अंग्रेजी	–	Indian Tinospora, Heartleaved moonseed
गुजराती	–	गलक, गारो
हिंदी	–	गिलोए, गुरचा
कन्नड़	–	अमृतबल्ली
कश्मीरी	–	अमृता, गिलो
मलयालम	–	चित्तमृतु
मराठी	–	गुलवेल
ओड़िया	–	गुलूची
पंजाबी	–	गिलो
तमिल	–	सींडल, सींदिल कोडी
तेलुगु	–	थिप्पतीगा
उर्दू	–	गिलो

औषधीय प्रयोग

1. e/kqesg – गिलोए के पूरे पौधे को पीसा जाता है और इसका रस निकाला जाता है। प्रतिदिन 3 बार भोजन से पहले 10 मि.ली. रस ग्लूकोस के स्तर को नियंत्रित करने का एक प्रभावी उपाय है।
2. ihfy;k – गिलोए पत्तियों के 10 ग्राम पेस्ट को छाछ के साथ दिन में दो बार एक सप्ताह पीने से पीलिया में आराम मिलता है।
3. ?kko – गिलोए की पत्तियों को एक पैन में तला जाता है और पेस्ट को घाव पर लगाया जाता है।
4. cq[kkj – 100 मि.ली. पानी में 5 ग्राम गिलोए के तने को एक चौथाई होने तक उबालें। इस काढ़े को दिन में दो बार पीना बुखार दूर करने का एक प्रभावी उपाय है। इसके अच्छे परिणाम के लिए पारपतक, चंदन, सूखी अदरक, मुस्ठा का उपयोग काढ़े को तैयार करने के लिए किया जा सकता है।
5. tBj'kksFk – 5 ग्राम गिलोए तना, मुट्ठी भर नींबू पत्तियों, मुट्ठी भर कड़वा परवर पत्तियों को 100 मि.ली. पानी में पकाया जाता है और इसे एक चौथाई तक कम किया जाता है। इस काढ़े को शहद के साथ दिन में दो बार पीने से जठरशोथ से राहत मिलती है।
6. jlk;u ds :i esa – एड्स के मामले में प्रतिदिन 20 मि.ली. गिलोए रस पीने की सिफारिश की जाती है। इस पौधे पर हुए अनुसंधान कार्य ने यह साबित किया है कि यह पूर्व जीवाणुओं के विरुद्ध प्रतिरक्षा शक्ति और रक्षातंत्र को बढ़ाता है तथा मरीज की आयु को बढ़ाता है।
7. xfB;k jksx – गठिया की शिकायतों जैसे संधिशोथ के लिए रोजाना दो बार 20 मि.ली. गिलोए रस पीने का परामर्श दिया जाता है।

40- x|tk ¼jÙkh½

Abrus precatorius, Fabaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– राती
बंगाली	– कुंच, सोनकाइच
अंग्रेजी	– Jequirity
गुजराती	– राती, चानोती
हिंदी	– रत्ती, गुन्जची
कन्नड़	– गलूगंजी, गउलागुन्जी
कश्मीरी	– काथ
मलयालम	– कुन्नी, कुवन्ना कुन्नी
मराठी	– गुंजा
उडिया	– कैन्च
पंजाबी	– रात्ती
तमिल	– कुन्तरी, कुनरीमानी, कुन्दामनी
तेलुगु	– गुरिजिन्जा, गुरीविन्दा
उर्दू	– घोंजचा, रात्ती

औषधीय प्रयोग

1. MUMQ – गुंजा की जड़, बीज तथा पत्तियों के पेस्ट को सिर पर लगाएं। आधे घंटे बाद बाल शैम्पू से धोएं। सप्ताह में एक बार निरन्तर लगाने से डेन्ड्रफ खत्म होने में मदद मिलती है।
2. 'orçnj ¼Y;dkfj;k½ – भोजन के पश्चात 5 ग्राम गुंजा की जड़ के पाउडर को चावल के पानी के साथ दिन में 2 बार सेवन करें।
3. ckyksa dh of) – गुंजा के बीजों को भृंगराज (एक्लिप्टा एल्वा) तेल में पकाकर सिर में लगाने से बालों में वृद्धि होती है।
4. tksMksa dk nnZ – समान मात्रा में निर्गुण्डी, एरण्ड की पत्तियों और गुंजा के बीज को हल्का गर्म कर लेप पुलटिस लगाने से जोड़ों का दर्द, सूजन, साइटिका दर्द, सर्वाइकल स्पोंडेलोसिस इत्यादि में आराम मिलता है।
5. Y;dksMekZ ¼f'o=½ – समान मात्रा में गुंजा के बीज, चित्रक (प्लम्बागो) और जड़ का लेप चकत्तों पर लगाकर सुबह की धूप में 10 से 15 मिनट बैठें।
6. bjhflifyl ¼foliZ½ – गुंजा की पत्तियों के महीन लेप को नियमित रूप से प्रभावित हिस्से पर लगाने से जलन में राहत मिलती है।

41- xks{kj ¼xks[k#½

ट्रिबुलस टेर्रस्ट्रीस, जैगोफिल्लासिया

स्थानीय नाम

असमिया	– गोक्षुर, गुखुर्कटा
बंगला	– गोक्षुर, गोखरी
अंग्रेजी	– Caltrops Toot
गुजराती	– बे था गोखरु, नाना गोखरु, मिथोगोखारु
हिंदी	– गोखुरु
कन्नड़	– सन्ननागिलु, नेग्गिलमुल्लु
कश्मिरी	– मिछिर्कण्ड, पख्ढा
मलयालम	– नेरिंजिल
मराठी	– सकाटे, गोखरु
ओरिया	– गुखुरा, गोखयुरा
पंजाबी	– भखा, गोखा
तमिल	– नेरिंजिल, नेरुंजिल
तेलुगु	– पल्लेरुलेरु
उर्दू	– खर–ए–खसक खुर्द

औषधीय प्रयोग

1. ;kSu nkScZY;rk – 5 ग्राम गोखरा पाउडर और 5 ग्राम अश्वगंधा पाउडर को 100 मि.ली. दूध में 50 मि.ली. होने तक उबालें। दस दिन के लिए दिन में 2 बार सेवन करें। गोखरु में सैपोनिनस रहता है, जो टेस्टोस्टेरोन के स्राव को उत्तेजित करता है और शुक्र जनन को प्रोत्साहित करता है।
2. ew=h; dydyh – 100 मि.ली. पानी में 10 ग्राम गोखरु के मोटे पाउडर को 25 मि.ली होने तक उबालें अथवा समान अनुपात में गोखरु, सूखी अदरक, मेथी और अश्वगंधा पाउडर के मिश्रण का प्रतिदिन दो बार नारियल पानी के साथ सेवन यूरिक एसिड को कम करता है और सुजन से राहत दिलाता है।
3. nnzquk'kd iz'kkc – 5 ग्राम गोखरु फल पाउडर और 3 ग्राम धनिया बीज को 100 ग्राम पानी में 25 मि.ली. होने तक उबालें। कुछ दिनों तक इस काढ़े को पिऐं।
4. ihfy;k – पूर्ण गोखरु पौधे के पाउडर 5 ग्राम, 2 ग्राम दालचीनी और 2 चम्मच मिश्री पाउडर के मिश्रण को दिन में तीन बार हल्के गर्म पानी के साथ लें।
5. ,ykisf'k;k – गोखरु और तिलफूल को समान अनुपात में शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें। सर के गंजे भागों में पेस्ट को लगाने से खोपड़ी को पोषित कर केश को फिर से बढ़ने में उत्तेजित करती है।

42- pkxjh

Oxalis corniculata, Oxalidaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– चांगेरीतेंगा
बंगाली	– आमरुल
अंग्रेजी	– Indian Sorrel
गुजराती	– अंबोली, चांगेरी, तीनपनकी, रुखादी
हिंदी	– तिनपतिया, चांगेरी, अम्बिलोसा
कन्नड़	– पुल्लामौरादी, सिवार्गी, पुरछीसोप्पु
मलयालम	– पुल्लीपरेल
मराठी	– अंबुटी, अंबाटी, अंबटी, भुईसरपति
पंजाबी	– खटकल, खट्टीबूटी, खटमिट्ठा
तमिल	– पुलियरई
तेलुगु	– पुलीचींटा
उर्दू	– चांगेरी, तीनपतिया

औषधीय प्रयोग

1. vfrlkj ¼nLr½ – खूनी दस्त, मलाशय भ्रंश आदि की स्थिति में पत्तियों का 15–25 मि०ली० सत्त (रस) दिया जाता है। बेहतर परिणामों के लिए इसे छाछ के साथ भी दे सकते हैं।
2. nnukd ltu – दर्दनाक सूजन या किसी प्रदाह की स्थिति में पत्तियों के पेस्ट को गुनगुना करके इस्तेमाल किया जाता है। यह प्रभावित स्थान को ठंडा रखेगा और लक्षणों को भी कम करेगा।
3. Tojh;k c[kkj – पूरे पौधे के 10 ग्राम पेस्ट को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० क्वाथ रहने तक उबालें। बुखार में इस क्वाथ को दिन में दो बार लिया जाता है।
4. eLlk – पत्तियों का सत्त (रस) और प्याज का सत्त (रस) एक समान मात्रा में लेकर मिलाया जाता है और उसे मस्सों वाले स्थान पर लगाया जाता है। इस मिश्रण को प्रतिदिन इस्तेमाल करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं।
5. fljnn – सिरदर्द के लिए पत्तियों का महीन लेप पूरे ललाट (माथा) पर लगाया जाता है।
6. xHkkorh efgykvk dk gkus okyh mfYV;k – पत्तियों, पिसा हुआ नारियल, नमक और नींबू के रस की चटनी बनाकर खाने से स्थिति में सुधार होता है। चंगेरी की पत्तियां विटामिन–सी, कैल्शियम और कैरोटीन का अच्छा स्रोत हैं।

43- fp=d ¼fp=k½

Plumbago zeylanica, Plumbaginaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– अगियचित, अग्नचित
बंगाली	– चिता
अंग्रेजी	– Lead War
गुजराती	– चित्रकमूल
हिंदी	– चिरा, चित्रा
कन्नड़	– चित्रमूल, वह्नि, बिलिचित्रमूल
कश्मीरी	– चित्रा, शतरंजा
मलयालम	– वेल्लाकेदुवेली, थम्पोक्कोडुवेली
मराठी	– चित्रक
ओड़िया	– चितमूल, चितोपरू
पंजाबी	– चित्रा
तमिल	– चित्रमूलम, कोडीवेली
तेलुगु	– चित्रमूलम
उर्दू	– शीतराज हिंदी, चीता

औषधीय प्रयोग

1. **cokl hj** – जड़ का चूर्ण 2 ग्राम की मात्रा में छाछ के साथ दिन में 3 बार लिया जाता है।
2. **fyEQfMukbfVl** – बवासीर, सर्वाइकल लिम्फेडिनाईटिस तथा उरुसंधीय लिम्फेडिनाईटिस के लिए चित्रक की जड़ तथा तिल के तेल के लेप का उपयोग किया जाता है।
3. **d.M** – चित्रक तेल त्वचा के संक्रामक रोगों जैसे खुजली, फोड़े, व्रण, सूजन, तथा जोड़ों के दर्द में मददगार बाह्य उपचार है।
4. **vip** – 2 ग्राम चित्रक 2 ग्राम सोंठ के साथ प्रतिदिन दो बार छाछ के साथ लिया जाता है।
5. **ekVkik** – स्वास्थ्यकर भोजन लेते हुए 3 ग्राम चित्रक की जड़ शहद के साथ 3 महीने तक लेना मोटापा घटाने में उपयोगी होता है।
6. **gtk** – 2 ग्राम चित्रक का चूर्ण तथा 2 ग्राम पिप्पली का चूर्ण छाछ के साथ लेना हैजे में हितकारी होता है।

44- tEc ¼tkeu½

Syzygium cuminii, Myrtaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– बदजम, कालजम
अंग्रेजी	– Jambul Tree
गुजराती	– गांबु, जामुन
हिंदी	– जामुन
कन्नड़	– नेराले बीजा, जंबू नेराले
मलयालम	– न्जवल
मराठी	– जांबुल
ओड़िया	– जाम कोल, जामु कोल
पंजाबी	– जामुन
तमिल	– नवल
तेलुगु	– अला नेरेदुचेट्टू , नेरेदु चेट्टू
उर्दू	– जामुन

औषधीय प्रयोग

1. e/keg – 100 मि.ली. पानी में 10 ग्राम जामुन के बीज को एक चौथाई होने तक उबालें। प्रातःकाल खाली पेट यह काढ़ा पीने से रक्त–शर्करा का स्तर घटता है।

2. QkM – थोड़े से तिल के तेल में मिलाएं हुए जामुन बीज चूर्ण के पेस्ट को फोड़े पर लगाएं।

3. fcLrj xhyk djuk – 5 ग्राम जामुन बीज चूर्ण पानी के साथ दिन में दो बार 15 दिन से एक माह तक बच्चों को पिलायें।

4. xyk cBuk – अच्छी आवाज बनाएं रखने और गला बैठने में आराम पाने के लिए जामुन के बीजों को उबालें और उस पानी से बार–बार गरारे करें।

5. egkl – जामुन बीज चूर्ण को गाय के दूध के साथ मिलाएं और रात को सोने जाने से पहले मुहांसों पर लगाएं। सुबह चेहरे को धो लें और कुछ दिन इसे जारी रखें।

6. tkMk dk nn – पर्याप्त पानी से जामुन पेड़ की छाल का पेस्ट बनाएं। पेस्ट को गर्म करें और दर्द से आराम पाने के लिए गर्म पेस्ट को प्रभावित हिस्से पर लगाएं।

7. coklhj – जामुन का फल नियमित रूप से 2 से 3 महीनो तक खाने से बवासीर रक्तस्राव का उपचार करने में सहायता मिलेगी।

45- tik ¼xqMgy½

Hibiscus rosa-sinensis, Malvaceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	– Chinese hibiscus] Chinese rose] Rose of China] Shoe Flower
हिंदी	– जसूत, जसून, गूढ़ल, गुड़हल
बंगाली	– जोबा, जवफूल, जाबा
गुजराती	– जसुवा, जसुस
कन्नड़	– दासवला, केम्पुदासवला, केम्पुपुंडरिके
मलयालम	– आयंपारथी, छेंबारथी
तेलुगु	– मंदारम
तमिल	– सेंबारतई, सेम्पारूठी
ओडिया	– मोनडारो
असमिया	– जोबा
पंजाबी	– जसून
यूनानी	– गुल–ए–गुड़हल

औषधीय प्रयोग

1. 'osr çnj – गुड़हल के 3–5 फूलों को 100 मि०ली० दूध में डालकर 50 मि०ली० रहने तक पकाएं, फिर उसमें थोड़ा सा गुड़ और 3 ग्राम अजवायन यवनी मिलाकर प्रतिदिन दिया जाना चाहिए।
2. vfuæk – फूलों की पंखुड़ियों के 1 भाग को 6 भाग पानी में मिलाकर धीमी आंच पर एक चौथाई रहने तक पकाएं। उसके बाद इसमें गुड़ मिलाकर उसका सिरप बनाया जाता है। मूत्र रोगों, अनिद्रा और मानसिक व्याधियों के लिए इस सिरप की 10 ग्राम मात्रा दी जाती है।
3. ckyks dk fxjuk ;k >Muk – पंखुड़ियों के रस में नारियल का तेल मिलाकर धीमी आंच पर जलीय अंश समाप्त होने तक पकाएं। यह तेल पूरे शरीर को ठंडा रखता है और झड़ते बालों का बहुत ही प्रभावी इलाज है।
4. ckyks dh :lh – पत्तियों को अच्छी तरह से मसलकर और उसे निचोड़कर लसदार पदार्थ निकाला जाता है। यह पदार्थ सिर धोने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह मानसिक बीमारियों के लिए भी अच्छा है।
5. QksMk – पत्तियों और फूल की तरुण कलियों के पेस्ट को प्रलेप के रूप में इस्तेमाल किया जाता हैं।
6. [kkalh – गुड़हल की चाय (1–2 फूलों को 50 मि०ली० पानी में 5–10 मिनट तक उबालें) प्रतिदिन दो बार पीने से यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, यकृत को स्वस्थ रखने, खांसी को शांत करने और बुखार को कम करने में सहायक है।

46- tyfiliyh ¼ifufl xk½

Phyla nodiflora,
Verbenaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	–	बुक्काना, कांचड़ा
अंग्रेजी	–	Purple Lippia
गुजराती	–	रतवेलियो
हिंदी	–	जलपिपली, पनिसिगा, भुइओकरा
कन्नड़	–	नेलहिप्पली
मलयालम	–	निर्तिप्पलि, पोदुतलई (सिद्ध)
मराठी	–	जलपिप्पली, रतवेल
तमिल	–	पोटुत्तली
तेलुगु	–	बोक्केना

औषधीय प्रयोग

1. 'or çnj – श्वेत प्रदर के लिए पत्तियों का चूर्ण बराबर मात्रा में जीरे के साथ मिलाकर प्रतिदिन दो बार 5–10 ग्राम की मात्रा में दिया जाता है।

2. cokl hj – पत्तियों को पीसकर बनाई गई चटनी बवासीर के इलाज में उपयोगी है।

3. ?kko – इसकी पत्तियों का लेप पस वाले फोडों को जल्दी पकाने में मदद करता है तथा घाव के भरने के लिए भी उपयोगी है। चूंकि इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है अतः यह संक्रमण का इलाज भी काफी अच्छे तरीके से करता है।

4. : lh – रूसी के लिए सर पर इसकी पत्तियों का लेप करते हैं। सिद्धा निर्मित पोदुथलाई थाईलम रूसी के लिए बहुत ही कारगर औषधि है।

5. e=k'k; iFkjh – पत्तियों तथा कोमल डंठलों का आसव (10 ग्राम जलपिप्पली को 50 मि०ली० गर्म पानी में 3–4 घंटों के लिए भिगोएँ) सर्दी तथा ज्वर में उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग मूत्रवर्धक दवा के रूप में तथा लिथिएसिस में भी होता है।

47- tkfrQy ¼tk;Qy½

Myristica fragrans,
Myristicaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– जायफल, काविनिश
बंगाली	– जायफला, जैत्री
अंग्रेजी	– Nutmeg
गुजराती	– जायफला, जायफर
हिंदी	– जायफल
कन्नड़	– जड़ीकई, जयकई, जायदीकई
कश्मीरी	– जाफल
मलयालम	– जतिका
मराठी	– जायफल
उड़िया	– जायफल
पंजाबी	– जायफल
तमिल	– सथिक्कई, जथीक्कई, जतीक्कई, जाधिकई, जाधिक्कई
तेलुगु	– जाजिकाया
उर्दू	– जौजबुवा, जायफल

औषधीय प्रयोग

1. mnjok;| – उदर वायु जैसी पेट की तकलीफों के उपचार के लिए जायफल के चूर्ण की 2 ग्राम मात्रा शहद में मिलाकर भोजन से पहले दिन में 2 या 3 बार दी जाती है।
2. vfrlkj ¼nLr½ – अतिसार (दस्त) के उपचार के लिए जायफल के 2 ग्राम चूर्ण को छाछ के साथ दिन में 2 बार दिया जाता है।
3. vfuæk – सोने से पहले 2 ग्राम चूर्ण को दूध के साथ दे सकते हैं।
4. fljnn| – सिर दर्द होने पर जायफल की पेस्ट का पूरे ललाट (माथा) पर मोटा लेप लगाया जा सकता है।
5. ukfldk çnkg ¼uklk'kkFk½ – बच्चों में चिरकालिक ठंड और नासिका प्रदाह के लिए जायफल के चूर्ण को सरसों के तेल में मिलाकर सिर के मध्य भाग में नियमित रूप से लगाया जा सकता है।
6. vip ¼cngteh½ – जायफल का चूर्ण, सौंठ और जीरे के चूर्ण को एक समान मात्रा में लेकर अच्छी तरह मिलाया जाता है। अपच (बदहजमी), उदर वायु और उदरीय पीड़ा की स्थिति में 5 ग्राम चूर्ण को भोजन से पहले दिन में 2 बार लिया जा सकता है।
7. egkl| – जायफल और दालचीनी के चूर्ण को एक समान मात्रा में लेकर उसमें शहद मिलाकर प्रतिदिन सुबह पूरे चेहरे पर लगाया जाता है। इसे लगभग 10–15 मिनट के लिए लगा रहने दें और फिर ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इससे मुंहासों की पीड़ा से राहत मिलेगी और मुंहासों के धब्बे कम होंगे।

48- thjd ¼thjk½

Cuminum cyminum, Apiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– जीरा
बंगाली	– जीरा, सदजीरा
अंग्रेजी	– क्यूमिन सीड, क्यूमिन
गुजराती	– जीरातमी, जीर्ण, जीराउगी, जीरू, जीरन
हिंदी	– Jira, Safed Jira
कन्नड़	– जीरेज, बिल्जिरेज
कश्मीरी	– सफेद जूर
मलयालम	– जीराकम
मराठी	– पंधारे जीरे
उड़िया	– धालाजीरा, डालजीरा, जीरा
पंजाबी	– सफेद जीरा, चिट्टा जीरा
तमिल	– शीरागम, चीराकम, जीराकम
तेलुगु	– जीलाकरा, तेल जीलकर्रा
उर्दू	– जीरा, जीरासफेद

औषधीय प्रयोग

1. Lej.k 'kfä e| of) – इस मसाले को मस्तिष्क उपयोगी मसाला माना गया है तथा यह स्मरण शक्ति को तेज बनाता है। 3 ग्राम जीरा चूर्ण को थोड़े से शहद में मिलाकर कुछ हफ्तों तक रोज सुबह चाटें। इससे स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है।
2. e/kqesg – एक चम्मच काले जीरे के चूर्ण को एक गिलास पानी के साथ दिन में दो बार लें। यह प्रक्रिया रोजाना करें, क्योंकि इससे मधुमेह के रोगियों को अत्यंत लाभ होता है।
3. cok lhj – एक चम्मच भुने हुए जीरा पाउडर को एक गिलास छाछ के साथ लें तथा इसका प्रयोग कुछ हफ्तों के लिए दिन में दो बार करें।
4. nLr – एक चम्मच जीरे को भूनकर पीसें। इसमें एक चुटकी सूखा अदरक चूर्ण (सुंठी), दालचीनी चूर्ण तथा काली मिर्च मिलाएं। इसे दिन में दो या तीन बार लें।
5. isV nnZ – जीरा चूर्ण, काली मिर्च तथा सूखी अदरक को समान मात्रा में लें तथा गरम पानी में डालकर इसका मिश्रण तैयार करें। इसका सेवन गरम पानी के साथ दिन में दो बार कई दिनों तक करें।
6. nqX/k lzo.k ¼yDVs'ku½ – दुग्ध स्रवण अधिक हो, इसके लिए 1 चम्मच जीरा और चीनी मिलाएं। शाम को रोजाना गरम दूध के साथ इसका सेवन करें।
7. fe;knh cq[kkj – 3 ग्राम कृष्ण जीरा, 1 ग्राम मरीका (काली मिर्च) का सेवन समान मात्रा में गुड़ के साथ रोजाना दो बार करने से विषज्वर में लाभ होता है।

49- rDdkye ¼pØQy½

Illicium anisatum,
Schisandraceae

स्थानीय नाम

अंग्रेजी	–	Star anise
हिंदी	–	चक्रफूल, अनासफल
मलयालम	–	थाकोलम
मराठी	–	बादियान
उड़िया	–	अनासफूल
तमिल	–	अनसपुव्वु
तेलुगु	–	अनासपुवु
उर्दू	–	बद्यानी

औषधीय प्रयोग

1. vip – चक्रफूल के बीजों को पीसकर चूर्ण बना लें और 3 ग्राम चूर्ण को एक कप पानी में 10 मिनट तक उबालें। अच्छे से भोजन करने के पश्चात इस चाय को पी लें। चक्रफूल, भोजन को पचाने में मदद करता है और एक अच्छा उदरवायु रोधी घटक है।
2. [kkl h – चक्रफूल का 5 ग्राम चूर्ण और शहद, दमा और श्वसनीशोथ खांसी के अतिरिक्त पाचन संबंधी तकलीफों जैसे उदरवायु, उभार, और पेट दर्द का एक विलक्षण उपचार है।
3. LrU; lo.k – स्तन दुग्ध–स्राव में वृद्धि के लिए स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए चक्रफूल के बीजों का क्वाथ (काढ़ा) (चक्रफूल के 5 बीजों को 100 मि०ली० पानी में 25 मि०ली० क्वाथ रहने तक उबालें) पीने की सलाह दी जाती है।
4. e[k l nxU/k vkuk ¼lkl dh cnc½ – मुख की दुर्गंध से छुटकारा पाने के लिए भोजन के बाद चक्रफूल के बीजों को चबाया जाता है।
5. cn ukd – चक्रफूल के बीजों के 10 ग्राम चूर्ण को गरम पानी में डालकर भाप लेने से यह रक्ताधिक्यहारी (सर्दी खांसी की एक प्रकार की औषधि) के रूप में काम करता है।
6. tkMk dk nn – गठिया और पीठ दर्द के लिए चक्रफूल का तेल एक श्रेष्ठ औषधि है।

50- fry

Sesamum indicum, Pedaliaceae

स्थानीय नाम

असमिया – सिम्मासिम
बंगाली – तिलगच
अंग्रेजी – Sesame, Gingelly-Oil Seeds
गुजराती – तल्ल
हिंदी – तिल, तील, तिलि
कन्नड़ – अच्चीलु, इल्लु
मलयालम – इल्लु
मराठी – तिल
उड़िया – तिल
पंजाबी – तिल
तमिल – इल्लु
तेलुगु – नुव्वुलु
उर्दू – कुंजड़

औषधीय प्रयोग

1. **jäkYirk** – काले तिल और गुड़ की चिक्की या कोई मिठाई बनाएं एवं इसका सेवन रोज करें। काले तिल में सफेद तिल की तुलना में अधिक मात्रा में लौहतत्व पाया जाता है जिस कारण रक्ताल्पता के उपचार में ये अत्यंत लाभकारी होते हैं।
2. **dkuk e nn** – 10 ग्राम तिल के तेल को दो लहसून की कलियों के साथ गरम करें तथा इस तेल को गुनगुनाकर इसके 2–3 बूंद कान में डालें। यह कानों में जमा मैल (वैक्स) को नरम करता है, जिससे सफाई आसानी से की जा सकती है। यह कानों के दर्द के उपचार में भी लाभकारी है।
3. **d"Vkrlo** – तिल के चूर्ण का एक चम्मच प्रतिदिन दो बार गरम दूध के साथ सेवन मासिक धर्म के समय रुक–रुक कर हो रहे दर्द को कम करने का अद्भुत उपचार है।
4. **d'k of)** – सिर पर प्रतिदिन तिल के तेल की मालिश बालों की वृद्धि में तथा रूसी को रोकने व दो मुँहे बालों को कम करने में सहायक है।
5. **nkr nn** – प्रतिदिन सुबह तिल के बीजों को चबाने से दांत दर्द कम होता है।
6. **cokLhj** – 5 ग्राम तिल को मक्खन के साथ लेने पर दर्द व हेमोरॉयड में रक्तस्राव कम होता है।

51- r|ylh

Ocimum sanctum, Lamiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	– तुलासी
बंगाली	– तुलासी
अंग्रेजी	– Holy Basil
गुजराती	– तुलासी, तुलसी
हिंदी	– तुलसी
कन्नड़	– तुलसी, श्री तुलासी, विष्णु तुलसी
मलयालम	– तुलासी तुलसा
मराठी	– तुलास
पंजाबी	– तुलासी
तमिल	– तुलसी, तुलासी, थिरु, थिजाई
तेलुगु	– तुलसी
उर्दू	– रेहान, तुलसी

औषधीय प्रयोग

1. #d&#ddj c|[kkj vkuk ¼fo"ke Toj½ – कृष्ण तुलसी की पत्तियों का 10 मि.ली. रस, 2 ग्राम काली मिर्च पाउडर के साथ मिलाकर दिन में तीन बार सेवन करें।

2. cyxe – कृष्ण तुलसी पत्ती के 10 मि.ली. रस को शहद के साथ दिन में दो या तीन बार लेने से बलगम में आराम मिलता है।

3. [k|tyh d| nku| ¼Ropk dh ,ythZ½ – प्रभावित त्वचा पर तुलसी की पत्ती का रस लगाएं।

4. fljnnZ – ताजी पत्तियों का दो बून्द रस प्रतिदिन खाली पेट नाक में दोनों ओर रोज–रोज डालने से साइनोसाइटिस के कारण होने वाले सिरदर्द में राहत मिलती है।

5. ?kko – नियमित रूप से तुलसी की पत्तियों तथा लहसुन के महीन पेस्ट को घाव पर लगाने से कीड़े नष्ट होते हैं।

6. lk|l dh n|xZ/k – तुलसी की एक या दो पत्तियों को चबाने से सांस की दुर्गंध सें राहत मिलती है। इससे पाचन क्रिया में भी सुधार होता है।

7. QQwn dk lØe.k – समान मात्रा में तुलसी और नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर इसमें एक चुटकी हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को फंगल प्रभावित त्वचा पर दिन में एक बार लगाएं।

52- Rod ¼nkyphuh½

Cinnamomum zeylanicum, Lauraceae

औषधीय प्रयोग

1. jäkYirk – आधा चम्मच दालचीनी चूर्ण तथा दो चम्मच शहद को एक कप अनार के रस में मिलाएं एवं इसका सेवन कुछ माह तक करें। यह रक्ताल्पता से ग्रस्त मरीजों के लिए लाभदायी होता है।

2. Lej.k 'kfä e¡ of) – प्रत्येक रात्रि 3 ग्राम दालचीनी चूर्ण मिश्रित आधा चम्मच शहद का सेवन करने से स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है।

3. LiUnu – हृदय स्पंदन की स्थिति में एक टुकड़ा दालचीनी चबायें।

4. e/kqeg – यह एक लोकप्रिय मसाला है और शरीर में इंसुलिन की गतिविधि को बढ़ाने का शक्तिशाली उत्प्रेरक है और इस प्रकार से मधुमेह के उपचार के लिए अत्यंत उपयोगी है। आधा चम्मच दालचीनी चूर्ण को पानी के साथ रोज लिया जा सकता है।

5. Toj – 2 कप पानी में 3 कूटे हुए लौंग, 2 इलायची, 6–7 तुलसी के पत्ते तथा 1 चम्मच दालचीनी मिलाएं। इस आयुर्वेदिक मिश्रण को दिन में एक या दो बार पीएं।

6. vfuækjkx – 1 कप गुनगुने दूध में 1/2 चम्मच दालचीनी चूर्ण तथा 1 चम्मच शहद मिलाएं एवं इसे सोने से पहले पीएं।

स्थानीय नाम

असमिया	– दालचेनी
बंगाली	– दारूचीनी, दारचीनी
अंग्रेजी	– Cinnamon Bark
गुजराती	– दालचीनी
हिंदी	– दालचीनी
कन्नड़	– दालचीनी चक्के
कश्मीरी	– दालचीनी, दालचीन
मलयालम	– करूवाफ्ता, इलावर्णथेली
मराठी	– दालचीनी
उड़िया	– दालचीनी, गुडात्वक
पंजाबी	– दालचीनी, दारचीनी
तमिल	– लवेगपट्टई, करूवपट्टई
तेलुगु	– लवगपत्ता, दालचीनी चिक्का
उर्दू	– दारचीनी

53- Rodi= ¼rst iÙkk½

Cinnamomum tamala, Lauraceae

स्थानीय नाम

असमिया	– तेजपात, माहपात
बंगाली	– तेजपत्रा, तेजपता
अंग्रेजी	– Indian cinnamon
गुजराती	– तमला पत्रा, देवेली
हिंदी	– तेजपत्ता
कन्नड़	– तमालपत्र, दालचीनी एले
कश्मीरी	– दालचीनी पान, ताजपत्रा
मलयालम	– करुवापत्ता, पतरम
मराठी	– तमालपत्र
ओड़िया	– तेजपत्र
पंजाबी	– ताजपतर
तमिल	– लवंगापत्री
तेलुगु	– अकुपत्री
उर्दू	– तेजपात

औषधीय प्रयोग

1. ckyk dh #lh – तेज पत्ते का काढ़ा बनाएं (50मि.ली. गर्म पानी में 1–2 घंटे के लिए 10 तेजपत्ते भिगोएं)। काढ़े को शैम्पू में मिलाएं और इस्तेमाल करें। यह बालों से रुसी खत्म करने में सहायता करता है।
2. olk fodkj ¼**Dyslipidaemia**½ – रोजाना प्रातःकाल खाली पेट 5 ग्राम तेजपत्ते के चूर्ण को शहद के साथ 30 दिनों तक सेवन करें। यह रक्त शर्करा और कोलेस्ट्राल को कम करता है।
3. dCt – तेजपत्ते की चाय पीना (50 मि.ली. पानी में 3 तेजपत्ते 5–10 मिनट तक उबालें) सामान्य पाचक विकारों, जैसे–कब्ज, अम्ल–प्रतिवाह और अनियमित आंत–संचलन को कम कर सकता है।
4. vip – 3 ग्राम तेजपत्ते के चूर्ण और अदरक के एक टुकड़े को 200 मि.ली. पानी में एक चौथाई पानी रह जाने तक उबालें। इस काढ़े को शहद के साथ दिन में दो बार पीयें। यदि आप बीमारी से उभर रहे है तो यह भूख बढ़ाने का कार्य भी करता है।
5. lkQ nkr – चमकदार सफेद दांत पाने के लिए तेजपत्ते के चूर्ण से 3 दिन में एक बार दांतों को ब्रश करें।
6. dhV fod"kd – तेजपत्ते बहुत बड़े कीट–विकर्षक हैं, क्योंकि इनमें लोरिक अम्ल है। तेजपत्ता चूर्ण और थोड़े से नारियल तेल से बने पेस्ट का प्रयोग कीटों के काटने और डंक लगने की जगह पर करने से राहत मिलती है।
7. e= iFkjh – 3 ग्राम तेजपत्ता और 3 ग्राम इलायची को 200 मि.ली. पानी में 50 मि.ली. पानी रह जाने तक उबालें। इसे छान लें और रोजाना दो बार पीयें। यह गुर्दे की पथरी बनने से रोकेगा।

54- nkfMe ¼vukj½

Punica granatum,
Lythraceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– दाडिम
अंग्रेजी	– Pomegranate
गुजराती	– दाडमा
हिंदी	– अनार
कन्नड़	– दालिम्बा
मलयालम	– मातालम
मराठी	– दाडिम्बा
पंजाबी	– अनार
तमिल	– मदलई, मादलई, मदलम
तेलुगु	– दनिम्मा
उर्दू	– अनार, रूम्मन

औषधीय प्रयोग

1. vkrfjd jä lko – दो चम्मच दाडिम फूल, बकरी के दूध व चीनी के बने मिश्रण का सेवन दिन में दो बार करना लाभकारी है।

2. coklhj – एक मीठे अनार के छिलके को सूखाकर इसका चूर्ण बनाएं। इस चूर्ण को बवासीर के रोगी 5 ग्राम की मात्रा में प्रतिदिन दो बार छाछ के साथ लें।

3. egkls ¼,Du½ – मुंहासे के लिए अनार के छिलकों को उबालें व इससे चेहरा धोएं। अनार के छिलकों के चूर्ण को गुलाब जल या नींबु के रस में मिलाकर लेप की तरह चेहरे पर लगाने से मुंहासे, फोड़े–फुंसी, मुंहासे के साथ–साथ सफेद व काले धब्बों से भी राहत मिलती है।

4. 'kØk.k l[;k e of) – एक गिलास अनार का रस रोज पीने से शुक्राणुओं की संख्या में वृद्धि होती है।

5. nLr – 3 ग्राम अनार के छिलकों का चूर्ण, छाछ तथा एक चम्मच जीरा के साथ दिन में दो बार लेने पर दस्त में विशेषकर इरिटेबल बॉवल सिंड्रोम में लाभकारी होता है।

6. vkrk d dhM – 150 ग्राम अनार के बीज का रोज सुबह खाली पेट सेवन करना लाभदायी होगा।

55- nok ¼nc½

Cynodon dactylon, Poaceae

स्थानीय नाम

बंगाली	– दूर्वा
अंग्रेजी	– Creeping Cynodon, Conch Grass
गुजरात	– खादोध्री, लिलीध्रो, ध्रो
हिंदी	– दूब
कन्नीड़	– गारिक हुल्लु
मलयालम	– कोरूका पुल्लु
मराठी	– दूर्वा, हरियाली, हर्ली
पंजाबी	– दुबड़
तमिल	– अरुवम पुल्लु
तेलुगु	– गारिका, पच्छ्गड्डी
उर्दू	– दूब घास, दूब

औषधीय प्रयोग

1. ekVkik – मुट्ठी भर दूब को अच्छी तरह धोकर, पीसकर ताज़ा रस निकालें और इसे 5–10 मि.ली. दिन में दो से तीन बार पीयें।
2. fljnn – दूब घास के 100 ग्राम पाउडर को 200 मि.ली. पानी में तब तक उबालें जब तक यह एक चौथाई न रह जाए। इस काढ़े को छानकर आधा चम्मच शहद या गुड़ के साथ दिन में दो बार पीने से सिरदर्द, कमजोरी तथा आलस दूर होता है।
3. :lh – दूर्वा घास के 25 ग्राम पेस्ट को 100 मि.ली. तिल के तेल में नमी खत्म होने तक उबालें, इसे छानकर रख लें। यह तेल त्वचा के खुजली घावों, रूसी, एक्जिमा आदि में बहुत उपयोगी है।
4. vEyrk ikpd lc/kh vfu;ferrk, – 10 मि.ली. ताजा रस को एक कप दूध के साथ दिन में एक या दो बार खाने से पहले पीएं। यह जठरशोथ, अति अम्लता, अमाशय छालों तथा सीने में जलन के लिए औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है।
5. ,ythZ d dkj.k pdr – इस घास को हल्दी के साथ पीस कर त्वचा संबंधी रोगों जैसे स्कैबीज, एलर्जीक रैशेस, फंगल संक्रमण आदि में सीधे त्वचा पर लगाया जाता है।
6. ukd l [ku cguk – ताजा दूर्वा रस तथा घी को समान मात्रा में लेकर अच्छी तरह मिलाएं। 2–5 बूंदें दोनों नाक छिद्रों में डालने से खून का बहना रोकने में सहायता मिलती है।
7. cokLlhj – 10 ग्राम दूर्वा घास को 100 मि.ली. पानी में 50 मि.ली. रहने तक उबालें तथा दिन में दो बार पीएं।
8. jä 'kk/kd d :i e – मुट्ठी भर घास को तीन पान के पत्तों तथा 3 ग्राम काली मिर्च के साथ उबालकर बनाया गया काढ़ा एक रक्त शोधक है।

56- nzks.kiq"ih ¼xqek½

Leucas cephalotes,
Lamiaceae

स्थानीय नाम

असमिया	–	द्रोणाफूल
बंगाली	–	भोलघासिया
अंग्रेजी	–	Spider wort
गुजराती	–	कूबी
हिंदी	–	गूमा
कन्नड़	–	तुंबे
मलयालम	–	तुंबा
मराठी	–	तुंबा
उड़िया	–	गैषा
पंजाबी	–	गोमोबती, गुम्मा, मल–भेदा
तमिल	–	तुंबई
तेलुगु	–	तुम्मी

औषधीय प्रयोग

1. cn ukd – पूरे पौधे को कुचलकर पानी में उबाला जाता है। बंद नाक, खांसी, सर्दी, बुखार, सिरदर्द आदि की अवस्था में इसकी भाप को प्रश्वसन द्वारा अंदर लिया जाता है।

2. f'kjkukly'kksFk – फूलों के रस की 3–5 बूंदें नाक में डाली जाती हैं।

3. vk[kksa dh Fkdku – फूलों को दूध में भिगोया जाता है और उसके बाद आंखें बंद कर के ऊपर से लगाया जाता है।

4. fljnnZ – फूलों से तैयार तेल सिरदर्द, शिरानालशोथ (साइनस संबंधी) आदि में काफी कारगर है।

5. vkar ds dhMs – फूलों और पत्तियों का सत्त (रस) 5–10 मि०ली० की मात्रा में दिन में एक बार 10–15 दिनों तक बच्चों को दिया जाता है।

6. liZn'k – पत्तियों के पेस्ट को सर्पदंश वाले स्थान पर लगातार रगड़ते रहने से दर्द में आराम मिलता है और ततैया, बिच्छू और अन्य जहरीले कीटों के काटने से उत्पन्न जलन से काफी राहत मिलती है।

57- /kkU;d ¼/kfu;k½

Coriandrum sativum, Apiaceae

औषधीय प्रयोग

1. xtkiu – धनिया का ताजा गूदा नियमित रूप से गंजे हिस्से पर लगाने से गंजेपन की समस्या का इलाज किया जा सकता है।

2. vip – धनिया बीज, काली मिर्च, जीरा पाउडर और सेंधा नमक पाउडर को (स्वादानुसार) बराबर मात्रा में लेकर अच्छी तरह से मिलाया जाता है। इसे चावल के साथ लेने से यह भूख बढ़ाने और आसान पाचन में सहायता करता है।

3. eqg d Nky – दिन में 2 से 3 बार मुंह के छालों पर धनिया पत्तियों का पेस्ट लगाने से मुंह के छालों में आराम मिलेगा।

स्थानीय नाम

असमिया	–	धनिया
बंगाली	–	धाने, धनिया
अंग्रेजी	–	Coriander Fruit
गुजराती	–	धाना
हिंदी	–	धनिया
कन्नड़	–	हविजा, कोठम्बरी बीजा
कश्मीरी	–	धानीवाल, धनावल
मलयालम	–	मल्ली, कोथंपटायारी
मराठी	–	धाने, कोठिम्बीर
ओड़िया	–	धनिया
पंजाबी	–	धनिया
तमिल	–	कोत्तमतली विरई, धनिया
तेलुगु	–	धनियालु
उर्दू	–	किशनीज़

4. ekfld /kel ,Bu – 100 मि.ली. पानी में 20 ग्राम धनिये के बीजों को उबालें और इसे एक चौथाई तक कम करें और इस द्रव को रोजाना दो बार पीएं।

5. I;kl – गर्म पानी में 10 ग्राम धनिया पाउडर मिलाएं। इसे ठंडा करें और इस पेय द्वारा अधिक प्यास को बुझाए।

6. c[kkj – 100 मि०ली० गर्म पानी में 20 ग्राम धनिया बीज लें। इस पानी में चीनी मिलाकर रोजाना दिन में दो बार पीएं।

58- ukxdslj

Mesua ferrea, Guttiferae

स्थानीय नाम

असमिया	– नागकेसर, नाहर
बंगाली	– नागेश्वर, नागेसर
अंग्रेजी	– Cobras Saffron
गुजराती	– नागकेसर, सचुनागकेसर, नागचंपा, पीलूनागकेसर, तमरनागकेसर
हिंदी	– नागकेसर, पीला नागकेसर
कन्नड़	– नागसंपीज, नागकेसरी
मलयालम	– नन्नगा, नौगा, पेरी, वेलुतप्पला, नागप्पु, नागप्पोवु
मराठी	– नागकेसर
पंजाबी	– नागेश्वर
तमिल	– नवुगु, नवुगलिराल, नागचंपकम, सिरूनगप्पु
तेलुगु	– नागचंपाकमु
उर्दू	– नरमुश्क, नागकेसर

औषधीय प्रयोग

